दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
वर्ष : 10 अंक : 145 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 19 जून, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

## जल संरक्षण से हरियालो राजस्थान की परिकल्पना होगी साकार

# वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान - आमजन की सक्रिय भागीदारी से अभियान बना जन आंदोलन : भजनलाल

## हल्दीघाटी विजय दिवस' स्वतंत्रता, स्वाभिमान, आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक



### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत आमजन से की पौधारोपण की अपील

जयपुर टाइम्स

जयपुर(निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण के माध्यम से ही हरियालो राजस्थान की परिकल्पना को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान आमजन की सक्रिय भागीदारी से जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए मानसून सीजन में पानी की हर बूंद को सहेजने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने की भी अपील की। शर्मा बुधवार को राजसमंद में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की इस गौरवशाली धरा पर हम जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को लेकर एकत्र हुए हैं। आज ही के दिन 18 जून, 1576 को हल्दीघाटी का युद्ध लड़ा गया, यह केवल एक युद्ध नहीं था, बल्कि यह स्वतंत्रता, स्वाभिमान और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक था। मेवाड़ के स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप ने उस समय अकबर की विशाल सेना के सामने अपने सीमित संसाधनों और छोटी सेना के साथ जो वीरता दिखाई, वह आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिसे हम हल्दीघाटी विजय दिवस के रूप में मनाते है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें अपने देश, संस्कृति और सिद्धांतों के लिए हमेशा दृढ़ रहने का संदेश देता है।



### मुख्यमंत्री ने राजसमंद झील स्थित नौ चौकी पाल पर किया पूजन

मुख्यमंत्री ने वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत राजसमंद झील स्थित के नौ चौकी पाल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर झील आरती की। इसके बाद उन्होंने सिंदूर का पौधारोपण भी किया। इससे पहले शर्मा ने कांकरोली स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश के सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना की। इस दौरान द्वारिकाधीश मंदिर के अधिकारी भगवती लाल पालीवाल ने समाधान पद्धति से मुख्यमंत्री का स्वागत कर प्रसाद भेंट किया।

### प्रदेश में जल की पर्याप्त आपूर्ति हमारी प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जल की आवश्यकता को समझते हुए हमारी सरकार ने दशकों से लंबित रामजल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते जैसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं। साथ ही, इंदिरा गांधी नहर, देवास परियोजना, माही बांध, सोम-कमला-अंबा सहित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में जल संचयन और पानी की उपलब्धता को बढ़ावा दिया जा रहा है। हम पानी के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर हमने पिछले वर्ष 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए हैं।

### जल संरक्षण की संस्कृति को आगे बढ़ा रहा यह अभियान

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरे के पावन अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान की शुरुआत की थी। 20 जून तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों के स्वरूप को पुनः बहाल करना और जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इससे वर्षा के समय इन जल संरचनाओं में बरसात का पानी संग्रहित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल को अमृत मानकर उसे संरक्षित करने के लिए बावड़ियां, जोहड़, तालाब और कुंए जैसे अनूठे तरीके अपनाए। इस जल संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए हमने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के रूप में एक नई पहल की है। इसके तहत हमारी कोशिश है कि हर गांव, हर शहर और हर व्यक्ति तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचे।

### प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के लिए उठाए अनेक कदम

*शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भर बनकर रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बनाए रखने के लिए देशभर में शौचालयों का निर्माण, धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से घर-घर तक रसोई गैस तथा पीने के पानी के लिए हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य केन्द्र सरकार की ओर से किया जा रहा है।*

### महिला, किसान, युवा तथा मजदूर के उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के अनुसार देश में महिला, किसान, युवा और मजदूर चार जातियां हैं। हमारी सरकार इन चारों जातियों के उत्थान के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को हम 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी देंगे। इसी तरह राइजिंग राजस्थान समिट के तहत किए गए एमओयू से भी युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, गोपाल क्रेडिट कार्ड जैसी विभिन्न योजनाओं से किसानों को राहत दी जा रही है। साथ ही, केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से गरीबों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 5 हजार गांवों को गरीबी मुक्त करेगी, इसके तहत गांवों में निवास कर रहे गरीबों को आत्मनिर्भर बनाते हुए रोजगारपरक बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू हुआ वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान एक बेहतरीन प्रयास है, जिसके माध्यम से राज्य में जल संरक्षण के कार्यों को एक नई दिशा मिली है। निश्चित तौर पर उनकी ओर से किए जा रहे इन प्रयासों से विकसित राजस्थान के संकल्प को गति मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिला निधि के माध्यम से 240 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2 करोड़ 51 लाख रुपये व 297 स्वयं सहायता समूह को विभिन्न बैंकों के माध्यम से 11 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज के चैक भी सौंपे। इस दौरान मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान में विभिन्न संस्थानों की ओर से सीएसआर के तहत मुख्यमंत्री को 2 करोड़ रुपये की राशि भेंट की गई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राजसमंद जिला प्रशासन द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत किए गए कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, विभिन्न जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## पटवारी व चेनमैन रिश्वत लेते गिरफ्तार





जयपुर टाइम्स

अजमेर। एसीबी ने एक बार फिर कड़ा एक्शन कर दो लोगों को रंगे हाथों दबोचा है। एसीबी ने अजमेर के भिनाय तहसील के एकलसिंगा पटवार हलके में कार्यरत पटवारी विकास कुमार और चेनमैन पन्नालाल को रिश्वत लेते पकड़ा है। जानकारी के अनुसार फरियादी से विरासत का म्यूटेशन खोलने के बदले में दोनों कर्मचारियों ने 5000 की रिश्वत की मांग की थी। फरियादी ने इसकी शिकायत एसीबी से की, जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर जैसे ही दोनों आरोपी रिश्वत की राशि ले रहे थे, उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और आमजन में यह संदेश गया है कि सरकारी कार्यों के बदले रिश्वत मांगने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

## मैंने दो देशों के बीच युद्ध रुकवाया, पाकिस्तान है मुझे पसंद: ट्रंप

जयपुर टाइम्स



न्यूयार्क/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत करने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में मोदी को "एक शानदार व्यक्ति" बताया और कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को कहा कि मैंने युद्ध रुकवाया है... मैं पाकिस्तान को पसंद करता हूं। मुझे लगता है कि मोदी एक शानदार इंसान हैं। मैंने कल रात उनसे बात की। हम भारत के मोदी के साथ व्यापार समझौता करने जा रहे हैं, लेकिन मैंने पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध रुकवा दिया है। ट्रंप ने मुनीर का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान की ओर से इसे (युद्ध) रोकने में इस व्यक्ति का बहुत प्रभाव था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से मोदी और अन्य लोग थे। उनके बीच टकराव की जबरदस्त स्थिति थी और वे दोनों ही परमाणु संपन्न देश हैं। मैंने इसे रुकवाया। मुझे नहीं लगता कि मैं कोई कहानी सुना रहा था। क्या मैंने कोई कहानी लिखी थी... मैंने दो बड़े देशों, बड़े परमाणु संपन्न देशों के बीच युद्ध को रुकवाया। ईरान पर हमला करने के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, क्या आप सचमुच सोचते हैं कि मैं इसका जवाब दूंगा?... मैं ऐसा कर सकता हूं, मैं ऐसा नहीं भी कर सकता, कोई नहीं जानता कि मैं क्या करने जा रहा हूं। मैं आपको बता सकता हूं कि ईरान में बहुत सारी परेशानियां हैं और वे बातचीत करना चाहते हैं। उन्होंने 2 सप्ताह पहले मुझसे बातचीत क्यों नहीं की?

### राइजिंग राजस्थान 11-12 दिसंबर को, विभागवार ग्राउंड ब्रेकिंग रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। राजधानी जयपुर में 11 व 12 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस बार इस समिट की थीम सिटी टू सिटी, स्टेट टू स्टेट और इंडस्ट्री टू इंडस्ट्री होगी। देश-विदेश के निवेशकों को इस समिट में शामिल होने के लिए न्योते भेजे जाएंगे। इस दो दिवसीय पार्टनरशिप कॉन्क्लेव में पैनल डिस्कशन, राउंड टेबल और फायर साइट चैट के साथ ही, एंकर इन्वेस्टर्स सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2024 की फीडबैक बैठक लेते हुए इसके निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आने वाले कॉन्क्लेव में पिछले समिट में हुए एमओयू की क्रियान्विति और प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्यों में आए बदलावों की जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कॉन्क्लेव की तैयारी के संबंध में समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के मध्य पारस्परिक समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारी की समन्वयक के रूप में नियुक्ति की जाए। साथ ही उन्होंने नवंबर 2025 तक राइजिंग राजस्थान समिट के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एमओयू की प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग के कार्यों की विभागवार विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

राजसमन्द झील की उतारी आरती

## मोदी राज में देश में अभूतपूर्व परिवर्तन: भजनलाल

जयपुर टाइम्स



राजसमंद(निस.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भर बनकर रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बनाए रखने के लिए देशभर में शौचालयों का निर्माण, धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से घर-घर तक रसोई गैस और पीने के पानी के लिए हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य केन्द्र सरकार की ओर से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बुधवार को राजसमंद पहुंचे थे। उन्होंने भिक्षु निलियम परिसर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए आमजन से अपील भी की। कहा कि सभी बरसात के मौसम में जल का संरक्षण करें। प्रदेश में पानी की समस्या प्रमुख समस्या है, यदि प्रदेश में पानी की उपलब्धता रहेगी तो खुशहाली भी होगी। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में आमजन जल संरक्षण करेंगे तो जमीन का जल स्तर पर ऊपर आएगा और पेड़ हरे भरे होंगे व हरियाला राजस्थान बनेगा। अधिक से अधिक लोग जल संरक्षण में अपना योगदान दे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं। सभा में मुख्यमंत्री ने हल्दीघाटी युद्ध विजय दिवस पर बोलते हुए महाराणा प्रताप के शौर्य को याद किया। इस विजय को स्वाभिमान और सत्य की विजय बताया। इससे पूर्व सीएम डबोक एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पुलिस लाइन में बनाए हेलीपेड पर पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने द्वारिकाधीश मंदिर में राजभोग झांकी के दर्शन किए। फिर मुख्यमंत्री राजसमंद झील पहुंचे और राजसमंद झील की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर झील की आरती उतारी। साथ ही झील पर पौधारोपण कर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके बाद राजसमंद झील से मुख्यमंत्री सीधे भिक्षु निलियम परिसर पहुंचे, जहां वंदे गंगा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, दीप्ति माहेश्वरी, कलेक्टर बाल मुकुंद असावा, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कांग्रेस के दो विधायकों को सजा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास.)। करीब 11 साल पुराने मामले में जयपुर महानगर प्रथम की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-19 अदालत ने कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को एक-एक साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी को रास्ता रोकने और विधि विरुद्ध जमा होने का दोषी माना है। सभी ने 13 अगस्त 2014 को करीब 20 मिनट के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के बाहर जेएलएन मार्ग को जाम कर दिया था।

**दो विधायक और एक विधायक प्रत्याशी को सजा**

कोर्ट ने इस मामले में लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, झोटवाड़ा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी सहित 9 लोगों को एक-एक साल की सजा सुनाई। पुलिस ने सभी के खिलाफ 11 अगस्त 2016 को चालान पेश किया था। ट्रायल के बाद कोर्ट ने मुकेश भाकर, मनीष यादव, अभिषेक चौधरी, राजेश मीणा, रवि किराडू, वसीम खान, द्रोण यादव, भानुप्रताप सिंह और विकास मील को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## ट्रंप को मोदी की दो टूक

# अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वॉर नहीं, युद्ध की तरह देखता है भारत

जयपुर टाइम्स





नई दिल्ली(एजेंसी.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट तक फोन पर बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी और साफ किया कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वॉर की तरह नहीं देखेगा, वह से युद्ध कार्रवाई की तरह देखता है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-ट्रंप फोन कॉल पर एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में व्यापार से संबंधित किसी भी विषय पर चर्चा नहीं की गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी इस तरह की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने जी-7 बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए पीएम मोदी को कनाडा से लौटते समय अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। हालांकि, पीएम मोदी ने कहा कि वह पहले से तय कार्यक्रम के कारण निमंत्रण स्वीकार नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने इस साल के अंत में संभावित क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ट्रंप को भारत आने का निमंत्रण दिया। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच ट्रंप ने बैठक बीच में ही छोड़ दी थी। दोनों नेताओं ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद बात की थी, जब ट्रंप ने अपनी संवेदना व्यक्त की थी और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन किया था। मंगलवार को फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तान के सैन्य बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ और उनके एयरबेस बेकार हो गए। पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा कि पाकिस्तान को भारत की कड़ी प्रतिक्रिया ने उन्हें भारत से सैन्य अभियान रोकने का आग्रह करने पर मजबूर किया। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने ट्रंप से साफ कहा कि इस पूरी घटनाक्रम में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई चर्चा नहीं हुई और भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिकी मध्यस्थता का कोई संदर्भ नहीं था। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा चैनलों का उपयोग करते हुए सीधी बातचीत में और पाकिस्तान के आग्रह पर लिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से स्पष्ट किया कि भारत पाकिस्तान के साथ अपने व्यवहार में किसी भी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
19 जून, 2025

## न्यास अलवर की कार्रवाई, अवैध प्लॉटिंग व अवैध अतिक्रमण को किया ध्वस्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास अलवर सचिव के निर्देशन में न्यास अलवर के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा बुधवार को न्यास क्षेत्राधिकार में बिना न्यास स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन के कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग व अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। न्यास सचिव ने बताया कि जगदीश अटल / कुलदीप सिंह पुत्र सूरजभान सिंह द्वारा खसरा नं0 421 मूंगस्का की कृषि भूमि मे एच.टी लाईन के नीचे सैन्ट एंसलम स्कूल के पीछे विकसित की जा रही लगभग 3 बीघा अवैध प्लॉटिंग को मौके से हटाने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा गिर्राज सैनी द्वारा न्यास योजना विजय नगर के भूखण्ड की भूमि पर अवैध रूप से टीनशेड लगाकर पशु बांधकर किये गये अतिक्रमण को मौके से हटाने की कार्यवाही की गई। सचिव ने बताया कि इस दौरान नगर विकास न्यास द्वारा लगभग 3 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग/कॉलोनी व अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मौके पर अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियंता, पुलिस थाना अरावली विहार / शिवाजी पार्क मय जाप्ता मौजूद रहे।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत की कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आयुक्त, खाद्य एवं औषधि नियंत्रण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अलवर डा0 योगेन्द्र शर्मा के निर्देशन में अलवर जिले में चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत अलवर जिले में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के अनुसार बस स्टैण्ड रामगढ स्थित मैसर्स राजेश मिष्ठान भण्डार, से सरसों तेल का नमूना जांच हेतु लिया गया। इसी कम में प्राप्त शिकायत के अनुसार काला कोठी, खालसा नगर, रामगढ स्थित पनीर निर्माण ईकाइ मैसर्स एच के डेयरी, का निरीक्षण किया गया। उक्त ईकाइ पर दूध पाउडर एवं रिफाईण्ड पामोलिन तेल आदि मिलाकर पनीर का निर्माण किया जाना पाया गया। जिस पर उक्त ईकाइ पर मौजूद करीब 300 किलो ग्राम पनीर में से एक पनीर का नमूना जांच वास्ते लेकर, शेष पनीर को दूषित एवं मिलावटी होने के कारण मौके पर नष्ट कराया गया। उक्त ईकाइ से एक बौलर में रखे करीब 200 लीटर दूध में से दूध का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं मौके से शेष बचे करीब 200 लीटर दूध को मिलावटी एवं दूषित होने के कारण नष्ट कराया गया। उक्त ईकाइ पर साफ-सफाई सही प्रकार से नही पाई गई। जिसके लिए विक्रेता को पाबंद करते हुये साफ-सफाई का नोटिस दिया गया।

## केंद्रीय वन मंत्री ने समर कैंप में बालिकाओं का किया उत्साहवर्धन



### खिलाड़ी पूर्ण मनोयोग से लक्ष्य प्राप्ति में जुटकर अपने सपने करें साकार - केंद्रीय मंत्री यादव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज में अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित समर कैंप में पहुँचकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने समर कैंप में प्रशिक्षण ले रहीं उत्कृष्ट खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने जीवन का एक ध्येय निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से उसमें जुट जाएं। जब सच्ची श्रद्धा और लगन के साथ कार्य किया जाता है तो आगे बढ़ने के द्वार स्वयं खुलते चले जाते हैं। सफलता में कठोर परिश्रम, सच्ची लगन, मन की मजबूती, सकारात्मक सोच और संघर्ष छिपा होता है। उन्होंने कहा कि इस समर कैंप में उत्कृष्ट रहीं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव जिले में निरंतर आयोजित होता रहेगा। उनका प्रयास है कि जिले के खिलाड़ियों के लिए यह आगे बढ़ने का माध्यम बने तथा अलवर को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। उन्होंने प्रशिक्षण देने वाले कोचों एवं समर कैंप की व्यवस्थाओं में लगी टीम का आभार जताया तथा खिलाड़ियों व प्रशिक्षण शिविर की टीम के साथ भोजन भी किया। समर कैंप में प्रशिक्षण ले रहीं खिलाड़ियों ने विगत 8 दिनों के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रातः उठने से लेकर शाम तक की दिनचर्या सुव्यवस्थित रही। हर दिन भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्कृष्ट कोचों से प्रशिक्षण के साथ-साथ कई अन्य विधाओं में भी नई चीजें सीखने को मिलीं। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन, अनुशासन, खिलाड़ी के लिए उचित भोजन व पोषण, प्रमुख सेलिब्रिटीज़ से संवाद का अवसर सहित अनेक गतिविधियों से लाभ मिला। उन्होंने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज को बेटा-बेटी में भेदभाव न कर बेटियों को समान अवसर देने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, वी-शक्ति ट्रस्ट की फाउंडर प्रज्ञा यादव, बन्नाराम मीणा, इन्द्र यादव, दौलतराम जाटव, ऋषिराज शर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, अरुण जैन, गगनदीप सिंह, मनोज चाचान, मनोज यादव सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने ली अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों एवं पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा की समीक्षा बैठक

### जिले के सभी नागरिकों से योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी निभाने की अपील की

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर के कार्यक्रमों की समुचित तैयारी यथासमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिकाधिक आमजन की सहभागिता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाओं से योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की है। जिला कलक्टर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर 5 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमें मुख्य कार्यक्रम इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ' थीम पर प्रातः 6:30 बजे से प्रातः 8 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रातः 6:30 बजे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मूसी महारानी छतरी, कंपनी बाग, बायोडाइवर्सिटी पार्क एवं सरिस्का क्षेत्र में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके साथ ही, जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पर्यटन स्थल और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि कार्यक्रम का प्रचार प्रसार फ्लैक्स व बैनर के जरिए कराकर आईईसी गतिविधियां आयोजित करावे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की कार्यक्रम में भागेदारी हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था करे। साथ ही इसी प्रकार की व्यवस्थाएं भी ब्लॉक स्तर पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि समयबद्ध रूप से स्टेज निर्माण, माईक व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन, लाईट व्यवस्था, जरनेटर आदि व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर पानी व साफ-सफाई व्यवस्था, शौचालय, डस्टबीन एवं अग्निशमन वाहन व्यवस्था करावे। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को यातायात व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला परिषद अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत समिति व ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजकीय व निजी विद्यालयों में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करावे।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत कार्ययोजना अनुसार 24 जून से 9 जुलाई तक शिविरों का करें सफल संचालन**

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 24 जून से 9 जुलाई तक संचालित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के दौरान आयोजित शिवरों का आपसी समन्वय से निर्धारित रूपरेखा अनुसार सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के अन्तर्गत प्रतिदिन ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग पखवाड़े में पात्र व्यक्तियों को जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करवाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शिविरों में विभागों की निर्धारित गतिविधियों में लक्ष्यानुसार कार्ययोजना बनाकर प्रगति लावे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखें गौरव रविंद्र, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक करण सिंह दहिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का तिजारा में प्रथम शिविर आयोजित

### राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा प्रतिबद्धता का अभिनव उदाहरण

जयपुर टाइम्स





**तिजारा(निसं.)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का खैरथल - तिजारा जिले में प्रथम शिविर का आयोजन नगर निगम कार्यालय, तिजारा में संपन्न हुआ। यह शिविर जिला कलेक्टर खैरथल - तिजारा किशोर कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने इस शिविर को प्रारंभ करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना राज्य सरकार की बहुउद्देशीय सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके अंतर्गत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक, लोक कलाकार एवं पथ विक्रेता जिनकी आयु 45 वर्ष तक है, पेंशन हेतु पात्र हैं। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु के पश्चात पात्र लाभार्थियों को 3000 प्रति माह की पेंशन राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। आयोजित प्रथम पंजीकरण शिविर में 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पात्र लाभार्थियों ने योजना से जुड़ने हेतु पंजीकरण करवाया। नगर निगम आयुक्त मनीषा यादव एवं सभापति झब्बु राम सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ, एवं योजना की जानकारी दी गई। नगर निगम तिजारा के कार्यालय में निरंतर पंजीकरण के लिए एक स्थायी डेडिकेटेड हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है, जिससे पात्र व्यक्ति भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

**आगामी शिविर कार्यक्रम इस प्रकार है**

19 जून: भिवाड़ी (नगर निगम परिसर)
20 जून: खैरथल (नगर परिषद परिसर)

इस शिविर को सफल बनाने में विभाग के घासी राम, अनिल यादव, नवीन शर्मा, दीपक, कनिष्क एवं समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

## विधायक डॉ. जसवंत यादव ने विभिन्न कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

### डायलिसिस मशीन का किया शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधायक डॉ. जसवंत यादव ने बुधवार को एक ही दिन में क्षेत्र के लिए तीन अहम कार्यक्रमों में भाग लेकर जनसेवा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया। सबसे पहले उन्होंने जिला अस्पताल बहरोड़ में डायलिसिस मशीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "किडनी रोगियों को अब जयपुर या अन्य बड़े शहरों की ओर भागने की जरूरत नहीं है। यह सुविधा बहरोड़ के लिए एक बड़ा राहत कदम है, जिससे ज़रूरतमंद मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा। हमारा प्रयास है कि चिकित्सा सुविधाएं गांव-गांव तक पहुंचे इसके बाद डॉ. यादव ने डीएवी स्कूल परिसर में आर्य समाज एवं आर्य युवा समाज द्वारा आयोजित योग, ब्रह्मचर्य और चरित्र निर्माण शिविर में भाग लिया। उन्होंने आयोजकों की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से युवाओं में आत्मानुशासन, नैतिकता और संस्कृति के बीज बोए जाते हैं जो समाज को मजबूत बनाते हैं दिन का समापन बहरोड़ में आयोजित जनसुनवाई के साथ हुआ, जहां उन्होंने कई नागरिकों से सीधे संवाद कर बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, "जनता की आवाज़ मेरी प्रेरणा है और मैं जनता का सेवक हूं। जब तक आप लोगों का विश्वास मेरे साथ है, मैं हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर उनके साथ सीताराम चेयरमेन, बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि, देवेन्द्र यादव, शिवचरण यादव, प्रशान्त यादव मण्डल अध्यक्ष, राजेश फौजी मण्डल अध्यक्ष, अश्वनी यादव मण्डल अध्यक्ष, राजूसिंह चौहान मण्डल अध्यक्ष, संजय शर्मा पार्षद, संजय मीर पार्षद, सुभाष पार्षद, अमित शर्मा पार्षद, डॉ. रिषि यादव, ओम यादव पार्षद, देवीदयाल अग्रवाल, अनिल बोहरा, कर्मवीर यादव, सुभाष यादव, नरेन्द्र यादव व पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तृतीय चरण की शुरूआत

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण को मिली अप्रत्याशित सफलता के पश्चात् योजना के तृतीय चरण की शुरूआत 16 जून से हो गई है। राइजिंग राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत 30 अप्रैल 2025 तक राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करने वाले उद्यमी एवं निवेशक 16 से 27 जून तक ऑनलाईन ईएमडी जमा करवा सकेंगे। इस चरण के अंतर्गत ई-लॉटरी 02 जुलाई को निकाली जायेगी। आरएम रीको नीमराना राहुल भट्ट ने बताया कि प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तृतीय चरण में राजस्थान के विभिन्न 97 औद्योगिक क्षेत्रों में 6806 भूखण्ड रखे गये हैं। योजना में विभिन्न श्रेणियों/वर्गों के लिए भी भूखण्ड आरक्षित किये गये हैं जिनमें से अनूसूचित जाति/जनजाति के लिये 237, महिला वर्ग के लिये 206, भूतपूर्व सैनिकों के लिये 117, बेंचमार्क दिव्यांगता के लिये 147 तथा सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक आश्रित के लिये 62 भूखण्ड हैं। 6037 भूखण्ड अनारक्षित हैं। मार्च 2025 में प्रारंभ हुई इस योजना के प्रथम चरण में निवेशकों को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 6 हजार से अधिक भूखण्डों में से अपनी रूचि एवं आवश्यकता के आधार पर आरक्षित दर पर सही भूखण्ड चयन करने का अवसर दिया गया था। प्रथम चरण में 87 भूखण्डों का आवंटन कर दिया गया है। योजना का द्वितीय चरण मई माह में प्रारंभ हुआ जिसमें लगभग 7100 भूखण्ड रखे गये। ई-लॉटरी 05 जून को आयोजित हुई। इस चरण में 464 निवेशकों ने 329 भूखण्डों पर ऑनलाईन आवेदन किया।

## गांधी स्वास्थ्य सदन समिति द्वारा संचालित योगाभ्यास शिविर का उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग ने किया निरीक्षण



**अलवर(निसं.)।** विश्व योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में गांधी स्वास्थ्य सदन समिति द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, पुराना सूचना केंद्र अलवर में 20 मई से निरंतर 3 पारी में योग प्रेमी बंधुओं को विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल का नि शुल्क योगा यास कराया जा रहा है। बुधवार को प्रात काल शिविर का निरीक्षण करने आयुर्वेद विभाग उपनिदेशक डॉ. करण सिंह दहिया शिविर स्थल पहुंचे। डॉ. दहिया ने इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों द्वारा कराए जा रहे श्रेष्ठ योग प्रदर्शन की सराहना की एवं आमजन को निरंतर योग से जोडऩे का श्रेष्ठ कार्य करने के लिए संस्थान पदाधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। आयुर्वेद विभाग जन संपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पवन सिंह शेखावत ने इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुर्वेद के अभिन्न अंग योग की विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि योग का शाब्दिक अर्थ जोडऩा है और आज भारतीय योग संपूर्ण विश्व को निरंतर जोडऩे का कार्य कर रहा है। डॉ. शेखावत ने कहा शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति का साधन है योग। इस अवसर पर डॉ पवन सिंह शेखावत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी योग प्रेमी बंधुओं एवं संस्था पदाधिकारियों को 21 जून विश्व योग दिवस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल अ यास शिविर में गांधी स्वास्थ्य सदन समिति के अध्यक्ष महेंद्र जैन, सचिव सुशील झालानी, उपाध्यक्ष मोरध्वज चौधरी एवं संस्थान के योगाचार्य अशोक सहित सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी बंधु उपस्थित थे। समिति के सदस्य सुशील झालानी ने जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग को विश्व योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संस्था की ओर से पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिले में दिख रहा है सकारात्मक प्रभाव

### अभियान के तहत जल स्रोतो के जीर्णोद्धार व साफ - सफाई के पश्चात् पहली बारिश में ही आया पानी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित की जा रही गतिविधियों के अंतर्गत जल स्रोतो के जीर्णोद्धार, साफ-सफाई, बहाव क्षेत्र में अवरोधों को हटाने के लिए किए गए कार्यों का सकारात्मक असर मानसून की पहली बारिश में दिखने लगा है। पहली बारिश से जिले के जल स्त्रोतों में पानी की आवक हुई है जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल दिखाई दे रहा है तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की आमजन खुलेमन से सराहना कर रहे हैं। जल स्त्रोतों के उन्नयन एवं साफ-सफाई से संबंधित किए गए कार्यों से मानसून में पानी भरने से भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि 63.46 लाख रूपये की लागत से शहर में स्थित मीणापाडी जोहड का पुनरूद्धार कार्य करवाया गया। 12 जून को मीणा पाडी स्थित जोहड की कार्मिकों, स्थानीय नागरिकों एवं पर्यावरण प्रमियों द्वारा श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई जिसका परिणाम यह हुआ कि मानसून की पहली वर्षा में जोहड में पानी की आवाक होना शुरू हो गया है। मानसून के दौरान जोहड में पानी की मात्रा में वृद्धि होगी जिससे भूमि का जल स्तर बढने के साथ क्षेत्र के निवासियों को लाभ होगा। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, मरम्मत, दीप प्रज्ज्वलन, अमृत 2.0 के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पार्कों की साफ-सफाई, रखरखाव, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत पौधारोपण हेतु अग्रिम तैयारी, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, सरकारी भवनों में स्थित जल संचयन संरचनाओं की सफाई एवं वंदे गंगा जल संकल्प दिलाने इत्यादि गतिविधियां आयोजित कराई रही है। इसी प्रकार अभियान के तहत जलदाय विभाग के कार्मिकों ने उमरैण ब्लॉक में पेयजल टंकियों एवं धार्मिक स्थान गरबाजी पर झरने व आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। जलदाय विभाग उमरैण के सहायक अभियन्ता भगवान सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विभाग के कार्मिकों द्वारा पानी सप्लाई के लिए बनाई गई टंकीयो की साफ-सफाई कर उन्हें स्वच्छ बनाया गया ताकि आमजन को शुद्ध पेयजल सप्लाई की जा सके। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थल गरबाजी पर झरने के समीप साफ-सफाई कर स्वच्छ बनाया गया। वहीं आसपास के ग्रामीणों को साफ सफाई, सौंदर्यकरण और जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
19 जून, 2025

# माटी कला कामगारों को मिलेगा तकनीकी संबंल

## गुरुवार को आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

### कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 19 जून, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10.30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

## राज्यपाल ने चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह के निवास स्थान पहुंचकर उन्हें ढाढस बंधाया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने बुधवार को चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निवास स्थान पहुंचकर अपनी शोक संवेदना जताई। राज्यपाल ने खींवसर की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर संवेदना जताते हुए उन्हें और परिजनों को ढांढस बंधाया।

## भाजपा नेता हीरालाल रावत को मातृ शोक, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

**कोटपूतली (निसं.)**क्षेत्र के ग्राम मोरदा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत की माताजी बर्फी देवी का मंगलवार शाम राजधानी जयपुर के संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल में 82 वर्ष की आयु में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले लगभग 15 दिनों से गंभीर बीमार होने के बाद उपचाराधीन थी। उल्लेखनीय है कि उनके पति स्व. बनवारी लाल रावत (नेताजी) भी जिले के वरिष्ठ नेता रहे थे। अपने जीवनकाल में वे सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष भी रहे। कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल उनके दामाद है। बर्फी देवी का बुधवार को ग्राम मोरदा में अन्तिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पुत्र एड. हीरालाल, राजेन्द्र व एड. कैलाश चंद समेत पुत्र वधुओं, पौत्र-पौत्रियों समेत भरा पुरा परिवार छोड़कर गई है। अन्तिम संस्कार में विधायक हंसराज पटेल, कांग्रेस नेता देव कसाना, तहसील गुर्जर महासभा के अध्यक्ष नीरज पटेल, युवा गुर्जर महासभा के अध्यक्ष शिव पटेल, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे। वहीं विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल समेत अन्य ने भी उनके निवास पर पहुँचकर गहरा शोक व्यक्त किया। शोक बैठक आगामी 28 जून तक ग्राम मोरदा स्थित निजी निवास पर आयोजित की जायेगी।

### श्रीयादे माटी कला बोर्ड निशुल्क देगा मशीनें

### बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** माटी कला को आधुनिक स्वरूप देने और परंपरागत कारीगरों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा बजट वर्ष-2025-26 में घोषणा के प्रभावी कियान्यवन के संबंध में बुधवार को श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि माटी कला बोर्ड को मुख्यमंत्री ने इस बार दोगुना बजट दिया है। उन्होंने इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। प्रहलाद टाक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी के तहत प्रदेश के मिटटी कामगारों को आर्थिक रूप से सुदृढ करने के उदेश्य से 2000 विद्युत चालित चाक एवं 2000 मिट्टी गूंथने की मशीनें निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएंगी। इसके लिए 14 हजार से ज्यादा ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से दो हजार पात्र लोगों का चयन कर उन्हें उचित प्रशिक्षण देकर चाक व मिटटी गूंथने की मशीन उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाएगा। राजसमंद से होगा जागरूकता शिविरों का आगाज उन्होंने बताया कि प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्रों व 41 जिलों से चयनित माटी कला कामगारों को निःशुल्क मशीनें वितरित की जायेंगी। बोर्ड द्वारा पोर्टल तैयार कर ऑनलाइन आवदेन प्रकिया प्रारंभ कर बजट घोषणा की कियान्विति का आगाज किया जा चुका है। इसी के तहत पहला जागरूकता शिविर 21 जून-2025 को राजसमंद जिले में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से लाभार्थियों का विधानसभा क्षेत्रानुसार प्राथमिकता व पात्रता/ लॉटरी के आधार चयन किया जायेगा। चयनित पात्र लाभार्थियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाकर उनको माटी कला की विभिन्न विधाओं, कलाकृतियों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण उपरान्त पात्र लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक व मिट्टी गूंथने मशीन का सेट निःशुल्क उपलब्ध करवाया जायेगा। इसी तरह राज्य के अन्य जिलों में भी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### माटी कामगारों के लिए 'माटी के लाल' पुरस्कार

*प्रहलाद राय टाक ने बताया कि गर्वनिंग बोर्ड की बैठक में इस बार श्रीयादे माटी कला बोर्ड ने कई महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित किए हैं। इसके तहत माटी के बर्तन पकाने के हेतु धुआं रहित अथवा कम धुआं के बारे में भी माटी कामगारों को जागरूक किया जायेगा। माटी के बर्तन, खिलौनों आदि के उचित विपणन के लिए जागरूक किया जायेगा। मेलों, प्रदर्शनियों आदि में प्रदर्शन एवं विपणन हेतु उनको प्रेरित किया जायेगा। प्रदेश के माटी कलाकारों को प्रोत्साहित किये जाने हेतु माटी के लाल' पुरस्कार दिये जाने हेतु आवेदन आंमत्रित किये जा रहे हैं।*

### मिटटी के बर्तनों के विपणन को लेकर होंगे प्रयास

*मिटटी के बर्तनों की बिक्री के लिए भी बोर्ड उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके तहत रेलवे प्लेटफार्मों, बस अड्डों एवं आरटीडीसी होटल्स में मिट्टी के कप व कुल्हड उपयोग हेतु प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा माटी कला का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रचार करने के लिए स्कूलों में माटी कला की एक्टिविटी की कार्यशालाएं की जायेंगी। बोर्ड अध्यक्ष श्री टाक ने बताया कि माटीकला कामगारों को उनको रोजमर्रा के कार्यों में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु 'मुख्यमंत्री माटी कला कामगार रोजगार सशक्तिकरण योजना" का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है।*

### प्रशिक्षकों को भी मिलेगा प्रशिक्षण

उन्होंने बताया कि इस बार चयनित लोगों को प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को भी उचित ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके तहत इच्छुक प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित प्रशिक्षकों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण देकर उनका बोर्ड द्वारा प्रमाणीकरण किया जाएगा। ये सर्टिफाई प्रशिक्षक बोर्ड द्वारा संचालित प्रशिक्षण कैंपों में प्रशिक्षण देंगे। टाक ने यह भी बताया कि प्रदेशभर में आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण शिविर के संचालन हेतु माटी कला की अनुभवी व पंजीकृत संस्थाओं से आवेदन आंमत्रित किये जा रहे हैं, चयनित संस्थाओं को बोर्ड में सम्बद्ध भी किया जाना है।

## *खटकड़ में 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा*

जयपुर टाइम्स




**बूंदी(निसं.)** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को बूंदी जिले की ग्राम पंचायत खटकड़ में 30 बेड वाले नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए "मील का पत्थर" बताते हुए कहा कि यह केंद्र ग्रामीण अंचल के निवासियों को त्वरित, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन वर्षों में खटकड़ सहित आसपास के सभी गांवों की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाएगा ताकि चिकित्सा व अन्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही बिरला ने किसानों से परंपरागत खेती के साथ-साथ पशुपालन और कृषि आधारित लघु उद्योगों को भी अपनाने की अपील की।

### ईको-सेंसिटिव ज़ोन में मिली राहत से बढ़ेगा विकास

लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि वन क्षेत्र में ईको-सेंसिटिव ज़ोन (ईएसजेड) की सीमाएं कम होने से खटकड़ और आस-पास के गांवों में रुके हुए विकास कार्यों को अब गति मिलेगी। पहले कई योजनाएं पर्यावरणीय प्रतिबंधों के कारण लंबित थीं, लेकिन अब शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और पंचायत से जुड़ी योजनाएं चरणबद्ध रूप से जमीन पर उतरेंगी। उन्होंने बताया कि खटकड़ के समग्र विकास के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

### स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि खटकड़ सीएचसी भवन के बनने से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं गांव में ही मिल सकेंगी और छोटी बीमारियों के लिए उन्हें शहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आमजन को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक डोगरा, सरपंच भवानी शंकर मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने हाउसिंग बोर्ड स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया एवं वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार किट एवं मैनू अनुसार समय पर भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की समस्याएं सुनी एवं उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें 9 वृद्धजन उपस्थित मिले तथा सभी वृद्धजनों से उनको दिए गए नाश्ता, भोजन एवं मेडिकल के संबंध में जानकारी ली तथा सभी वृद्धजनों से उनकी पेंशन के बारे में भी जानकारी ली। वृद्धाश्रम की साफ सफाई का जायजा लिया तथा वृद्धाश्रम में सचिव ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का निर्माण किया गया है साथ ही सचिव ने नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं स्कीम 2024 के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया। उन्होंने वृद्धाश्रम प्रभारी को निर्देश दिए कि वृद्धाश्रम में उपलब्ध मानकों के अनुसार पर्याप्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान एक वृद्धजन ने अपनी बीमारी के बारे में बताया तथा एक वृद्धजन ने पेंशन बंद होने का ज़िक्र किया। जिसको सचिव द्वारा मौके पर उनकी पेंशन चालू करवाने हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह इत्यादि का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित स्टाफ को वृद्धजनों को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के दिशा-निर्देश दिये एवं वृद्धजनों को समय समय पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए ।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश- एक पोलिंग बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता न हो

### राजस्थान के लगभग 52500 बीएलओ का जुलाई में प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा भारत मंडपम नई दिल्ली में 2 जुलाई को बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के लगभग 200 बीएलओ सहित देशभर से लगभग 2500 बीएलओ भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शेष बीएलओ का प्रशिक्षण जिला स्तर पर ही आयोजित किया जाएगा। महाजन मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जिला निर्वाचन अधिकारियों सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि गत विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों में जिन पोलिंग बूथों पर 6 बजे बाद तक कतार लगी रहीं तथा जहां मतदाता संख्या 1200 से अधिक है, ऐसे पोलिंग बूथों का शीघ्र ही पुनर्गठन करना सुनिश्चित करें। बीएलओ को पहचान पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की ओर से मतदान केन्द्र स्तर तक एजेंट (बीएलए) का नामांकन और चुनावी प्रक्रियाओं के प्रबंधन में इन एजेंट्स की तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए। श्री महाजन ने कहा कि प्रदेश के नवीन जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नवीन जिलों में नोडल ऑफिसर की नियुक्ति, आईटी इनेबल्ड सेल क्रियेशन, ईवीएम वेयरहाउस, जिला कॉल सेन्टर, इआरओ-नेट पर कंट्रोल टेबल अपडेशन, विभिन्न समितियों का गठन आदि कार्य समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ, पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म श्ईसीआईनेटश् का निर्माण किया है। यह वर्तमान में ट्रायल फेज में है। यह प्लेटफॉर्म 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब ऐप्स को समेकित करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को चुनाव संबंधी सभी सेवाएँ एक ही जगह पर सहजता से उपलब्ध हो जाती हैं। इससे न केवल नागरिक, बल्कि चुनाव अधिकारी, मीडिया एवं राजनीतिक दल भी चुनावी जानकारी तक आसान और त्वरित पहुँच प्राप्त कर सकेंगे। वीडियो कांफ्रेंस में सभी जिला कलक्टर्स सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल एवं जल परीक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का प्रारंभ 5 जून से किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जनसहभागिता से स्वच्छता तथा जागरूकता को बढ़ावा देना है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि अभियान 5 जून से 20 जून, 2025 तक मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 जून गुरूवार को कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा स्प्रिंकलर, ड्रिप, फॉर्म पौण्ड, पाईप लाइन की स्वीकृति जारी करना, डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करना, प्राकृति, जैविक, प्रीसीजन खेती, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, स्वीकृत कार्यो का लोकार्पण एवं नए कार्यो की स्वीकृतियां, हरियालो राजस्थान अन्तर्गत पौधारोपण, प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल, कृषि विज्ञान केन्द्रों पर संगोष्ठी एवं कृषि शिक्षा कार्यशाला, स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, जल स्त्रोतों पर दीप प्रज्वलन, अमृत 2.0 अर्न्तगत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्यक्रम, शहरी रोजगार योजना अर्न्तगत पौधारोपण के लिए अग्रिम तैयारी, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरे का चिन्हित स्थल पर निष्पादन नो प्लास्टिक डे, अमृत 2.0 अन्तर्गत नए कार्यादेश जारी करना एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से सरकारी भवनों में स्थित आरटीडब्ल्यूएचएस की साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्यक्रम एवं 20 जून शुक्रवार को जल संसाधन विभाग द्वारा जल उपभोक्ता समूहों के द्वारा कार्यक्रम, जल शक्ति अभियान कैच द रैन अर्न्तगत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी अर्न्तगत कार्यक्रम, नए पूर्ण कार्यो का लोकार्पण, नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई, आरटीडब्ल्यूएचएस तकनीक की जानकारी, जल परीक्षण अभियान तथा भू-जल विभाग द्वारा कर्मभूमी से मातृभूमी अभियान के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## जल संरक्षण की मुहिम में मिल रहा जन-जन का साथ



### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का हो रहा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जयपुर जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में अभियान के तहत हर उपखंड में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" के अंतर्गत वन विभाग, जयपुर द्वारा समस्त रेंजों में उपवन संरक्षक की देखरेख में एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर के नोडल निर्देशन में "हरियाळो राजस्थान" अभियान को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जल एवं हरित संसाधनों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गड्ढे खोदना, कन्टूर ट्रेंच, शॉर्ट गली प्लग जैसे कार्य प्रारंभ किए गए। विभागीय योजनाओं के अंतर्गत निर्मित 575 जल संग्रहण संरचनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता व उपयोगिता की समीक्षा की गई। पर्यावरणीय चेतना जागृत करने हेतु धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तुलसी के पौधों का वितरण एवं परिण्डे बांधने की गतिविधियां भी की गई। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के अंतर्गत पूर्ण कार्यों का अवलोकन एवं स्वीकृत कार्यों का स्थल निरीक्षण कर क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया। इस चरण में लगभग 60,000 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थित 1200 से अधिक स्थलों पर कार्य प्रारंभ किए गए। साथ ही, महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की भी शुरुआत की गई। इस संपूर्ण अभियान की गतिविधियां लव कुश वाटिका सहित विभिन्न स्थलों पर आयोजित की गई, जिनमें विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत दूदू रेंज (जयपुर वन मंडल) अंतर्गत दूदू रेंज में वन विभाग के निर्देशन में जल संरक्षण, पर्यावरणीय सुधार एवं जन-जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियाँ प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत बिचून एवं सोरठा का बास क्षेत्र में वन विभाग द्वारा निर्मित एनीकट की गाद सफाई, बिचून वृक्षकुंज में तुलसी पौध वितरण एवं परिण्डे बांधने की गतिविधियाँ, नयागांव एवं बस्सी नागा नर्सरी में सफाई कार्य, तुलसी वितरण, पंचवटी निर्माण, मनरेगा योजना के तहत सोरठा का बास में ट्रेंच निर्माण कार्य का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों को जल संरचनाओं का अवलोकन करवाना, आयोजित की गई।

## पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जिले के मांडलगढ़ क्षेत्र के दौरे पर

### वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत झालेश्वर सरोवर का किया पूजन

### अभियान के संबंध में पंचायत समिति सभागार में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेशवासियों को जल संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश व प्रदेश में हमारी संस्कृति रही है कि हम नदी, तालाब सहित सभी जल स्रोतों की पूजा करते हैं। जल के बिना जीवन नहीं है ना ही जल के बिना हरियाली संभव है। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार को जिले के मांडलगढ़ क्षेत्र के दौरे पर रहे जहां वे वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत मांडलगढ़ के झालेश्वर सरोवर पर आयोजित कार्यक्रम में आमजन को संबोधित कर रहे थे। मंत्री कुमावत ने कहा कि जल संरक्षण का उद्देश्य ताजे पानी के प्राकृतिक संसाधन का स्थायी प्रबंधन करना, जलमंडल की रक्षा करना और वर्तमान और भविष्य की मानवीय मांग को पूरा करना है। जल के संरक्षण से ही जल की कमी से बचना संभव हो सकता है । सरोवर का पूजन कर किया पौधारोपण– मंत्री कुमावत ने मुख्य समारोह से पूर्व झालेश्वर सरोवर की पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की एवं आगामी मानसून में अच्छी बारिश की मंगलकामना की। पूजा अर्चना के पश्चात मंत्री कुमावत ने पीपल के पौधे का रोपण भी किया । झालेश्वर सरोवर पहुंचने पर जिला कलेक्टर ने मंत्री कुमावत का स्वागत अभिनंदन किया।

### पंचायत समिति सभागार में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

मंत्री कुमावत ने कार्यक्रम के पश्चात पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली । उन्होंने वाटरशेड, जल संसाधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित अन्य विभागों से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि परम्परागत जल स्रोतों की नियमित अंतराल में साफ सफाई का कार्य किया जाए। जल स्रोतों के नजदीक अतिक्रमण को हटाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएसआर या अन्य मद द्वारा जल स्रोतों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाए। समस्त सरकारी कार्यालय साफ-स्वच्छ एवं हरे-भरे हों । केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों व जल संरक्षण की आवश्यकता के बारे में आमजन को जानकारी प्रदान करें। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने पीपीटी द्वारा मंत्री कुमावत को जिले में अभियान के तहत किये गए कार्यों व वर्तमान प्रगति की जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में जल स्रोतों की साफ सफाई, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता गतिविधियां, श्रमदान सहित अन्य कई कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम व बैठक में जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कैसे सुरक्षित होगी हवाई यात्रा?

*इस हादसे की राष्ट्रीय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहन जांच हो रही है। इसी के साथ जो प्रश्न उठे हैं, उनके घेरे में एअर इंडिया प्रबंधन, टाटा समूह, डीजीसीए, एयरपोर्ट अथारिटी और भारत सरकार आदि के साथ बोइंग कंपनी भी है। इस हादसे के बाद बोइंग के अलावा एअर इंडिया में भागीदार सिंगापुर एयरलाइंस (एसआइए) के साथ कुछ अन्य एयरलाइंस के शेयर भी गिरे। अहमदाबाद में हवाई हादसे के बाद से भारत समेत दुनिया भर में विमानों के संचालन में छोटी-बड़ी खामी मिलने, उड़ान रद होने, रोके जाने के समाचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इनमें ड्रीमलाइनर समेत अन्य विमान भी हैं। निर्माण के दौरान अपने विमानों के सेफ्टी सिस्टम की अनदेखी के कारण बोइंग गंभीर सवालों के घेरे में रही है। इस कंपनी के 'व्हिसिलब्लोअर' इंजीनियर सैम सालेहपोर ने ड्रीमलाइनर एवं अन्य विमानों के निर्माण में जानबूझकर लापरवाही बरतने का आरोप मढ़ा था। इसके चलते बोइंग की*

दुनिया को स्तब्ध और भारतीयों को गहरी पीड़ा से भर देने वाली अहमदाबाद विमान दुर्घटना की चर्चा जारी रहना स्वाभाविक है। यह आवश्यक भी है, क्योंकि हाल के इतिहास में ऐसा हवाई हादसा याद करना कठिन है, जिसमें इतने अधिक भारतीयों की मौत हुई हो। एअर इंडिया के अभागे 787 ड्रीमलाइनर विमान के उड़ान भरते ही गिरने से एक यात्री के चमत्कारिक ढंग से बच जाने के अतिरिक्त सभी यात्री और चालक दल के सदस्य काल के गाल में समा गए। यह विमान पास के मेडिकल कालेज के जिस हास्टल की कैंटीन पर आग का गोला बनकर गिरा, वहां कुछ मेडिकल छात्र और अन्य लोग भी मारे गए।



अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों को लेकर आम लोगों के साथ विशेषज्ञों के अपने-अपने विचार हैं। इनमें एक कैप्टन स्टीव भी हैं, जिन्होंने अहमदाबाद हादसे के कारणों को लेकर जो दावा किया, उसे खुद ही बदल दिया, लेकिन इसके पहले उन्हें एक भारतीय टीवी चैनल पर 'ज्ञान' देते देखा गया। अन्य विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे हैं कि बोइंग का अपेक्षाकृत नया और आधुनिक ड्रीमलाइनर विमान किन कारणों से ऐसे भयावह हादसे का शिकार बना। चूंकि बोइंग के इस विमान के साथ पेश आया यह पहला बड़ा हादसा है, इसलिए भारत समेत विश्व भर की एयरलाइंस एवं हवाई संचालन सेवा से जुड़ी संस्थाएं चिंतित हैं।

इस हादसे की राष्ट्रीय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहन जांच हो रही है। इसी के साथ जो प्रश्न उठे हैं, उनके घेरे में एअर इंडिया प्रबंधन, टाटा समूह, डीजीसीए, एयरपोर्ट अथारिटी और भारत सरकार आदि के साथ बोइंग कंपनी भी है। इस हादसे के बाद बोइंग के अलावा एअर इंडिया में भागीदार सिंगापुर एयरलाइंस (एसआइए) के साथ कुछ अन्य एयरलाइंस के शेयर भी गिरे। अहमदाबाद में हवाई हादसे के बाद से भारत समेत दुनिया भर में विमानों के संचालन में छोटी-बड़ी खामी मिलने, उड़ान रद होने, रोके जाने के समाचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इनमें ड्रीमलाइनर समेत अन्य विमान भी हैं।

निर्माण के दौरान अपने विमानों के सेफ्टी सिस्टम की अनदेखी के कारण बोइंग गंभीर सवालों के घेरे में रही है। इस कंपनी के 'व्हिसिलब्लोअर' इंजीनियर सैम सालेहपोर ने ड्रीमलाइनर एवं अन्य विमानों के निर्माण में जानबूझकर लापरवाही बरतने का आरोप मढ़ा था। इसके चलते बोइंग की खूब बदनामी हुई थी। बोइंग ने इस इंजीनियर के आरोप खारिज करते हुए कहा था कि वह अपने सभी विमानों के निर्माण में जरूरी सावधानी बरतती है, पर शायद उसने ऐसा नहीं किया। 2021 में अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने ड्रीमलाइनर की डिलीवरी रोक दी थी।

बोइंग के बदनाम हुए मैक्स विमान इस्तेमाल कर रही इंडोनेशिया और इथोपिया एयरलाइंस के नए विमान 2018-19 में पांच महीने के अंतराल पर दुर्घटनाग्रस्त हुए थे। इनमें कुल 346 लोग मारे गए थे। इन हवाई हादसों की जांच में यह सामने आया था कि बोइंग ने धोखाधड़ी की। उसके मैक्स विमानों के साफ्टवेयर में खामी थी और इस खामी को दूर कर सकने वाले जिन उपायों से विमान के लैस होने का उसने वादा किया था, वे उनमें थे ही नहीं। इसके चलते बोइंग की साख को धक्का तो लगा ही, इन दोनों हादसे में मारे गए लोगों के स्वजनों से अदालत के बाहर समझौता करने के बाद भी बोइंग को भारी भरकम हर्जाना देना पड़ा। इससे उसे तगड़ी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी।

बोइंग की पोल खोलने का काम उसके कई और अधिकारी कर चुके हैं। ये भी 'व्हिसिलब्लोअर' कहलाए। इनके भी ऐसे आरोप थे कि बोइंग विमानों को आनन-फानन बनाने के लिए शार्टकट इस्तेमाल करती है और इससे विमानों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। बोइंग अपने कर्मियों के असंतोष और उनकी हड़ताल का भी सामना कर चुकी है। इसके चलते उसके विमानों का उत्पादन प्रभावित हुआ और वह कहीं कम आर्डर की सप्लाई कर पा रही है। फिर भी एअर इंडिया समेत अन्य एयरलाइंस उसके विमान खरीदने के आर्डर देती रहती हैं। ऐसा करना उनकी मजबूरी भी हो सकती है। जो भी हो, बोइंग का इतिहास बहुत दागदार है।

टाटा एयरलाइंस की स्थापना भारत में सिविल एविएशन के जनक जेआरडी टाटा ने की थी। बाद में सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया और नाम कर दिया एअर इंडिया। एअर इंडिया को कुप्रबंधन और घाटे से उबारने के लिए मोदी सरकार ने उसे निजी कंपनी को बेचने का फैसला लिया। स्वाभाविक रूप से पहली पसंद टाटा समूह बना। 2022 में एअर इंडिया उसके हाथों में चली गई। नाम एअर इंडिया ही रहा। इससे दुनिया में कुछ लोग इसे भारत सरकार की एयरलाइंस समझते हों तो हैरानी नहीं। टाटा समूह के हाथ में जाने के बाद माना यह गया कि अब इसका संचालन सुगम एवं सुरक्षित तरीके से होगा, लेकिन अहमदाबाद का हादसा संकेत कर रहा है कि संभवतः ऐसा नहीं हो सका है। उस पर विमान संचालन में पर्याप्त सजगता न बरतने के आरोप में जुर्माना भी लग चुका है। उसे सुविधाओं में कमी-अनदेखी के आरोप से भी दो-चार होना पड़ा है। एक बार तो केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ही शिकायत कर चुके हैं। अहमदाबाद हादसे पर एअर इंडिया प्रबंधन के साथ टाटा समूह स्वाभाविक रूप से दुखी और गंभीर है, लेकिन एअर इंडिया में भागीदार सिंगापुर एयरलाइंस के बारे में कुछ कहना कठिन है। एसआइए में सिंगापुर सरकार की भी हिस्सेदारी है। वहां के पीएम ने तो अहमदाबाद हादसे पर दुख जताया, पर एसआइए के एक्स(ट्विटर) हैंडल पर संवेदना का एक शब्द नहीं दिखा। अहमदाबाद हादसे को लेकर जो सवाल उठे हैं, उनका उसे भी तो जवाब देना होगा। यदि यह समय एअर इंडिया के लिए परीक्षा की घड़ी है तो एसआइए के लिए भी।निःसंदेह समय के साथ विमान यात्रा सुरक्षित हुई है, लेकिन हर हवाई हादसे पर विमानों के सुरक्षित संचालन पर वैसे ही सवाल भी उठते हैं, जैसे इन दिनों उठ रहे हैं। अहमदाबाद हादसे के बाद उत्तराखंड में एक और जानलेवा हेलीकाप्टर हादसे के चलते ये सवाल और अधिक चिंता का कारण बन गए हैं। अब अपने देश में विमान और हेलीकाप्टर सेवाओं का उपयोग बड़ी संख्या में आम आदमी कहे जाने वाले लोग भी करते हैं, क्योंकि हवाई यात्रा जरूरत बन गई है। इसीलिए कहा जाता है कि हमारे देश के हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर रहे हैं।

सम्पादकीय

## एफएटीएफ के खुलासे से फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान




पाकिस्तान आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह है। वह न सिर्फ पनाह देता है, बल्कि आतंकियों की फौज तैयार कर उनका वित्त पोषण भी करता है। वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ इन आतंकियों को भारत के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करती हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार पाकिस्तान की इन नापाक हरकतों को सबूतों के साथ उजागर कर चुका है। इसके बावजूद वह आतंकवाद से अपने जुड़ाव को हमेशा नकारता रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला सीमा पार से प्रायोजित था, घटना की जांच के बाद मिले सबूत इसकी गवाही देते हैं। अब वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के एक बयान से भी इसकी पुष्टि हो गई है। उसने दो टूक कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला वित्तीय मदद के बिना संभव नहीं था। इससे पाकिस्तान आतंकियों की धन-बल से मदद करने के मामले में एक बार फिर बेनकाब हुआ है। यह पहली बार है जब राज्य प्रायोजित आतंकवाद की अवधारणा को एफएटीएफ ने वित्तपोषण स्रोत के रूप में स्वीकार किया है। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल का यह बयान इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भारत ने पहलगाम हमले के बाद पिछले दिनों 'आपरेशन सिंदूर' चलाकर सीमा पार कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। इसके उपरांत भारत के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने कई देशों में जाकर पाकिस्तान और आतंकियों के गठजोड़ को उजागर किया। वैश्विक निगरानी संस्था ने भले ही अपने बयान में सीधे तौर पर पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं है कि आतंकियों को कौन वित्तीय मदद मुहैया कराता है। एफएटीएफ विभिन्न देशों में जांच का दायरा बढ़ाएगा, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके किन देशों में आतंकी वित्तपोषण हो रहा है और इससे निपटने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। जांच के बाद इस पर एक रपट भी जारी की जाएगी। अगर रपट तैयार करने में निष्पक्ष व पारदर्शी प्रणाली अपनाई गई तो पाकिस्तान की असलियत फिर जगजाहिर होगी। भारत ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है। भारत अब इस बात पर जोर दे रहा है कि पाकिस्तान का नाम फिर से एफएटीएफ की 'ग्रे' सूची में डाला जाए। इस सूची में शामिल होने वाले देशों में आतंकी वित्तपोषण और धनशोधन जैसे मामलों की निगरानी की जाती है। पाकिस्तान को कई बार इस सूची में शामिल किया गया है। मगर, सवाल यह है कि सब कुछ जानते हुए भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थान पाकिस्तान पर मेहरबान क्यों है? 'आपरेशन सिंदूर' के बाद इन दोनों वैश्विक संस्थाओं ने भारत के विरोध के बावजूद पाकिस्तान को बड़ी राशि कर्ज के रूप में मंजूर की है। अगर, वैश्विक संस्थाएं वास्तव में आतंकवाद के खात्मे को लेकर गंभीर हैं

## प्रदूषण की मार



अमेरिकी संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की हाल में जारी 'एयर क्वालिटी ऐंड हेल्थ इन सिटीज' रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की हवा पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित है। वहीं दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता है। इस अध्ययन में 2010 से 2019 तक के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। कुछ दिन पहले शिकागो यूनिवर्सिटी की 'एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स' रिपोर्ट जारी हुई थी, उसमें बताया गया था कि भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। इस प्रदूषित हवा की वजह से दिल्ली में रहने वाले लोगों की जिंदगी दस साल छोटी हो रही है। शिकागो यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 1998 के मुकाबले वायु प्रदूषण 61.4 प्रतिशत बढ़ चुका है। इस वायु प्रदूषण से दिल की बीमारियां, फेफड़ों का कैंसर और सांस संबंधी बीमारियां हो सकती हैं, जिसके चलते वातावरण को साफ रखने और वायु प्रदूषण घटाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास करने की जरूरत है, क्योंकि वायु प्रदूषण अंतररराष्ट्रीय स्तर का चिंतनीय विषय बना हुआ है। अगर हम किसी राष्ट्र में बड़े बदलाव की आशा रखते हैं, तो देखना होगा कि उस राष्ट्र के समाज का बदलाव में सहयोग का प्रतिशत क्या है। समाज के सहयोग के बिना हम किसी भी कल्याणकारी और महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकते। हम बदलावों के लिए के लिए केवल सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। कुछ जिम्मेदारी समाज को भी लेनी होगी। आज हमारे राष्ट्र के सामने कुछ बड़ी चुनौतियां हैं, जिसके लिए समाज को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। पहली चुनौती देश में बढ़ता जातिवाद है। यह समस्या केवल समाज को छिन्न-भिन्न नहीं करती, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक रूप से भी क्षति पहुंचाती है। इसलिए समाज को जातिवाद से ऊपर उठ कर बंधुत्व का विचार अपनाना होगा। हम सुनते रहते हैं कि समाज में किसी विशेष वर्ग के द्वारा किसी विशेष वर्ग के साथ लिंग के आधार पर, धर्म के आधार पर, स्थान के आधार पर, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक आधार पर भेदभाव किया जाता है, जिसके चलते हमारी अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल होती है और कल्याणकारी राज्य की स्थापना का सपना भी प्रभावित होता है। इसके अलावा महिला सुरक्षा की चुनौती है। अक्सर कहा जाता है कि इसके लिए सरकारों को प्रयास करना चाहिए। मगर समाज अच्छी तरह जानता है कि महिलाओं पर किए जाने वाले अपराध सरकार नहीं, बल्कि खुद समाज करता है। हम भले ही महिला सुरक्षा को लेकर कितने दावे करते आ रहे हों, लेकिन यह सवाल आज भी ज्यों का त्यों बना हुआ है कि हम महिलाओं को सुरक्षा उस अनुपात में नहीं दे पाए हैं, जिसकी वे हकदार हैं। उनकी उपेक्षा हमेशा होती रही है। चौथी समस्या जलवायु परिवर्तन की है।आज यह समस्या पूरे विश्व के सामने मुंह बाए खड़ी है और हमने देखा है कि इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रयास किए गए, लेकिन फिर भी आशा के मुताबिक परिणाम देखने को नहीं मिले क्योंकि ये प्रयास कहीं न कहीं कागजी थे। मगर एक जनसमूह, एक समाज मिलकर चाहे तो इस समस्या को काफी हद तक रोक सकता और अपनी पीढ़ियों को सुरक्षा दे सकता है। बढ़ते जलवायु परिवर्तन को रोकना किसी एक व्यक्ति, एक सरकार, एक संस्था, की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की जिम्मेदारी है

## प्यास का पैमाना

**इस मुश्किल समय में अनेक व्यवसायी पीने के पानी को कारोबार बना कर करोड़पतियों की जमात में शामिल हो चुके हैं। इसके लिए उन्हें सरकारी और राजनीतिकों को क्या देना पड़ता है, यह किसी को नहीं पता। लेकिन इतना तय है कि वे सरकार को कुछ नहीं देते। हमारा देश परंपरावादी, सामंतवादी देश है। यहां अनेक समूहों और जातियों के अपने-अपने कानून हैं पानी के प्रयोग के। पानी फिजूल जाने देंगे, लेकिन दूसरे समुदाय या जाति के लोगों को प्रयोग नहीं करने देंगे। क्या हम सुधरने वाले लोग हैं?**



जिंदगी के पांच जरूरी तत्त्वों में से एक, पानी के लिए मारा-मारी और लड़ाई-झगड़े शुरू हो चुके हैं। देश के इक्कीस बड़े शहर पानी की तंगी की गली में फंसते जा रहे हैं। एक बाल्टी पानी के लिए कई घंटे लंबी लाइनें लग रही हैं। साफ पानी बांटने के लिए लॉटरी व्यवस्था का प्रयोग हो रहा है। एक ही पानी से पहले एक बंदा नहा रहा है, फिर दूसरा और तीसरा, फिर उसी पानी से कपड़े और बर्तन धोए जा रहे हैं। राजनीति की हवा भी जोरों से बह रही है। अनेक जगह जहां कुदरत की मेहरबानी से पानी अभी उपलब्ध है, पानी खुला बह रहा है, वहां संचित कोई नहीं कर रहा। हम स्थिति और गंभीर होने की प्रतीक्षा में हैं। बारिश साल दर साल कम होने लगी है। भूजल का स्तर हम रसातल से भी नीचे पहुंचाने की तैयारी में हैं।

देश के बांधों में जल भंडारण का स्तर चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुका देख कर केंद्रीय जल आयोग ने परामर्श दिया था कि जल का प्रयोग समझदारी से किया जाए। राज्य सरकारें जानती हैं कि इस पर कितना ईमानदारी से अमल हुआ। बांधों में पहाड़ी नदियों और बारिश से ही पानी आता है जो करार के तहत राज्यों में बंटता है। पानी न मिले तो किसान आंदोलन करते हैं। बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़ने के कारण जल स्तर नीचे चला जाता है। मानसून ठीक न रहे तो नदियों के रास्ते के अवरोध पानी रोकने के कारण बांध में पानी कम रह जाता है।

इस मुश्किल समय में अनेक व्यवसायी पीने के पानी को कारोबार बना कर करोड़पतियों की जमात में शामिल हो चुके हैं। इसके लिए उन्हें सरकारी और राजनीतिकों को क्या देना पड़ता है, यह किसी को नहीं पता। लेकिन इतना तय है कि वे सरकार को कुछ नहीं देते। हमारा देश परंपरावादी, सामंतवादी देश है। यहां अनेक समूहों और जातियों के अपने-अपने कानून हैं पानी के प्रयोग के। पानी फिजूल जाने देंगे, लेकिन दूसरे समुदाय या जाति के लोगों को प्रयोग नहीं करने देंगे। क्या हम सुधरने वाले लोग हैं?

इस बारे गंभीर आरोप पानी के अतार्किक प्रयोग के हैं। विवाह और अन्य आयोजनों में आजकल पानी की छोटी बंद बोतल दी जा रही है। जरा-सा पानी पीकर बोतल रख दी जाती है। यह रुकना चाहिए और गिलास में उतना पानी ही दिया जाना चाहिए, जितनी प्यास हो। घर और दफ्तर में सभी के लिए यही प्रयोग शुरू हो तो और अच्छा है। जहां लागू हो सके, ड्रिप सिंचाई व्यवस्था अविलंब अपनाई जानी चाहिए। बारिश के पानी को बचा कर अन्यत्र प्रयोग करने का प्रावधान अधिकतर इमारतों में नहीं दिखता। सरकारी स्तर पर इसे एक बाध्यता के रूप में लागू किया जाए, ताकि व्यवसायिक हो या घरेलू, हर इमारत में बारिश का पानी बचा कर उसका प्रयोग करना सुनिश्चित हो। व्यापारी और उद्योग भी खूब पानी का प्रयोग करते हैं और कचरे से नदी को गंदा नाला बना देते हैं।

संभवत पूरे देश में ही कोशिश नहीं हुई और हम बहते पानी के शोधन और संरक्षण को लेकर नाकाम रहे। कई जगहों पर नलकों में पानी बहना खुद ही बंद हो जाता है । वांछित मात्रा से ज्यादा पानी बहता है। नलके ऐसे होने चाहिए, जितनी जरूरत हो उतना पानी दें। कार धोने के लिए 'पानीरहित कार वाश' बाजार में आ चुका है। उसे ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लाने बारे में प्रोत्साहित किया जाए। घर के वाशरूम में शावर प्रयोग न कर, बाल्टी में पानी लेकर नहाएं ब्रश करते हुए नल न चलाएं, बलिक बाद में कुल्ला करें। सीवेज और नालों के पानी को शोधन संयंत्र के माध्यम से साफ कर बाग-बगीचे, धोने और रोजमर्रा के दूसरे कामों में प्रयोग किया सकता है। 'आरओ सिस्टम' बहुत पानी लेकर कम साफ पानी देता है। बेकार हुआ पानी सभी जगह फिर से प्रयोग नहीं किया जाता, जो होना चाहिए। शहरी आबादी खूब पानी चाहती है। चीनी मिलें, शीतल पेय, शराब बनाने और बोतलबंद पानी बनाने वाले खूब प्रयोग करते हैं। पहाड़ में तो सीधे नदी से जल खींच लेते हैं। व्यवसायियों और राजनेताओं का दबाव कानून को नए-नए दांव-पेचों में फंसा कर रखता है।

तालाब दफन करने के बाद अब फिर से खोदने की कोशिश हो रही है। इस बारे में राजनीतिक और प्रशासनिक भरोसे लिए और दिए जाने तत्काल रोके जाने चाहिए।



## आमिर खान की 3 इडियट्स को नकारने पर काजोल ने रखी राय

काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मां को लेकर चर्चा में हैं। ऐसे में उन्होंने बताया है कि वह किस तरह से फिल्में चुनती हैं। काजोल ने बताया है कि उन्हें कई फिल्मों में काम करने के लिए ऑफर मिले हैं और कुछ फिल्मों को उन्हें ठुकराना पड़ा जो बाद में ब्लॉकबस्टर बन गईं। हाल ही में पिंकविला से बातचीत में, उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने आमिर खान और राजकुमार हिरानी की 3 इडियट्स को ठुकरा दिया था। हालांकि, काजोल को फिल्मों को ठुकराने का कोई पछतावा नहीं है। उनके मुताबिक अगर उन्हें स्क्रिप्ट पसंद नहीं आती है तो वे मना करने से पहले ज्यादा नहीं सोचती हैं।

### फिल्मों को रिजेक्ट करने से पहले नहीं सोचतीं काजोल

बातचीत में काजोल ने कहा कई बार ऐसा होता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण 3 इडियट्स है काजोल ने कहा मुझे फिल्मों को ठुकराने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे लगता है कि ये फिल्में उनकी हैं। जैसा कि कहा जाता है कि जिसका लिखा हुआ है उसको मिलता है। तो, मुझे लगता है कि मैंने उन फिल्मों के बिना भी अपने लिए बहुत अच्छा किया है।

### 3 इडियट्स को लोगों ने सराहा

साल 2009 में रिलीज हुई फिल्म 3 इडियट्स को लोगों ने खूब सराहा था। फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था। यह फिल्म चेतन भगत के उपन्यास फाइव पॉइंट समवन पर आधारित है। आमिर खान, आर माधवन और शर्मन जोशी की अदाकारी वाली यह फिल्म भारत की शिक्षा व्यवस्था पर हमला करती है। यह फिल्म नौजवानों के दिमाग में जगह बनाने में कामयाब रही। फिल्म में करीना कपूर ने अच्छी अदाकारी की थी।

### काजोल को मिल रही थी पिया की भूमिका

फिल्म में पिया की भूमिका करीना कपूर ने निभाई है। काजोल ने पिया की भूमिका को अस्वीकार कर दिया, लेकिन करीना कपूर के किरदार ने दुनियाभर में कई लोगों का दिल जीत लिया। हाल ही में करीना ने खुलासा किया कि हॉलीवुड फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग ने न केवल 3 इडियट्स देखी है, बल्कि फिल्म में उनके अभिनय की भी सराहना की है।

### मां में नजर आएंगी काजोल

इस बीच, काजोल अगली बार फिल्म मां में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। यह हॉरर फिल्म है। फिल्म में काजोल अपनी बेटी को राक्षसों से बचाती हैं। कहा जाता है कि इस फिल्म का अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान से कनेक्शन है। अजय देवगन भी इस फिल्म के निर्माताओं में से एक हैं।



## बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखते ही छा गईं दिशा पाटनी

### 10 साल के करियर में कीं 12 फिल्में

दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी खूबसूरती की वजह से छाई रहती हैं। इसके अलावा उनका फिल्मी करियर भी शानदार रहा है। लगभग 10 वर्षों से सिनेमाई दुनिया में अभिनेत्री अपने अभिनय का जादू बिखेर रही हैं। आज 13 जून को एक्ट्रेस अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर हम जानेंगे उनके फिल्मी करियर के बारे में।

तेलुगु फिल्म से रखा फिल्मी दुनिया में कदम बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत साल 2015 में एक तेलुगु फिल्म लोफर से की थी। इस फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ द्वारा किया गया था, जिसमें अभिनेत्री ने मौनी का किरदार निभाया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इस फिल्म में वरुण तेजा भी मुख्य भूमिका में थे। शुरुआती करियर में ही अभिनेत्री को खराब दिनो का सामना करना पड़ा।

साल 2016 में अभिनेत्री एम एस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी फिल्म में नजर आईं। यह उनकी दूसरी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में पहली फिल्म थी। सुशात सिंह राजपूत अभिनीत यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के संघर्षों पर बनी थी। फिल्म में अभिनेत्री ने प्रियंका झा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया था। वहीं बजट की बात करें तो, 104 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 200 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म में शानदार अभिनय के लिए अभिनेत्री को कई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसी कड़ी में उन्हें बेस्ट फिमेल डेब्यू का भी खिताब मिला था।

### अलग-अलग अंदाज में दिखीं दिशा

अपनी दूसरी फिल्म की सफलता के बाद दिशा पाटनी, जैकी चैन की फिल्म कुंग फू योगा में नजर आईं। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अश्मिता की भूमिका अदा की थी। इस फिल्म को भी विश्व स्तर खूब पहचान मिली। इसके बाद अभिनेत्री बागी 2, भारत, मलंग, बागी 3, राधे जैसी कई फिल्मों में नजर आईं। फिर साल 2024 में अभिनेत्री कल्कि 2898 एडी फिल्म में दिखीं, यह फिल्म स्टार कलाकारों से सजी थी, जिसमें अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर, प्रभास, कमल हासन, दीपिका पादुकोण आदि शामिल थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए खूब पैस कमाए थे। अपने फिल्मी करियर के दौरान अभिनेत्री ने सिर्फ कुछ ही हिट फिल्में दी हैं। हालांकि, उन्हें ज्यादातर ग्लैमरस अंदाज के लिए जाना जाता है।

### दिशा पाटनी की आगामी फिल्में

अभिनेत्री की आगामी फिल्मों की बात करें तो उन्हें वेलकम टू द जंगल बुक में देखा जाएगा। इस फिल्मी की शूटिंग जोरो-शोरों से चल रही हैं।



## वामिका गब्बी ने 38 घंटों तक किया काम, दीपिका पादुकोण की मांग पर रखी राय

दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा हाल ही में तब सुर्खियों में आए जब दीपिका ने संदीप रेड्डी वांगा के सेट पर आठ घंटे काम करने की मांग की। कथित तौर पर, फिल्म निर्माता ने उनकी मांगों को खारिज कर दिया। इसके बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से हटना पड़ा। हालांकि, इस मामले ने एक नई बहस को जन्म दिया है। अब इस मामले पर वामिका गब्बी ने भी कुछ कहा है। आइए जानते हैं।

वामिका गब्बी के मुताबिक उन्होंने लगातार 38 घंटे काम किया है। यह तब हुआ जब वह मॉडर्न लव- मुंबई और जुबली की शूटिंग में व्यस्त थीं। हाल ही में भूल चुक माफ में राजकुमार राव के साथ नजर आई अभिनेत्री ने जूम के साथ बातचीत के दौरान यह बात कबूल की। उन्होंने अपने फिल्म निर्माताओं को बताए बिना 38 घंटे काम किया। उन्होंने कहा मैंने तीन शिफ्टों में 38 घंटे भी काम किया है। मैं इसे खुशी से कर रही हूं क्योंकि यह मेरे करियर की शुरुआत है और मेरे पास इसे करने के लिए पूरी ऊर्जा है। मुझे जो भी मिल रहा है, मैं उसे खुशी-खुशी कर रही हूं। वामिका गब्बी ने दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर कहा कि उनके सिर पर कोई जिम्मेदारी नहीं है, जिससे वह काम कर पाती हैं। वह अपने करियर के इस पड़ाव पर अपने और अपने प्रियजनों के लिए कमाई करके खुश हैं। उन्होंने कहा मैं इस पड़ाव पर ऐसा कर सकती हूं क्योंकि मैं आजाद हूं और मुझ पर कोई पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं है।

वामिका गब्बी ने याद किया कि कैसे कभी-कभी निजी कारणों से शूटिंग रद्द हो जाती है। उन्होंने कहा कुछ सेट मानवीय कहानियां बताते हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब उन्हें बिना वैनिटी वैन के जंगल में शूटिंग करने के लिए कहा गया था और वह सहमत हो गईं क्योंकि इससे उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में तरक्की मिलेगी।



## नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में नजर आ सकते हैं विवेक ओबेरॉय

र णबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। निर्देशक नितेश तिवारी इस मेगा प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर तैयार कर रहे कई हैं और अब तक इससे जुड़ी चुकी है बड़ी अपडेट्स सामने आ हैं। हाल ही में खबर आई कि विवेक ओबेरॉय भी इस फिल्म की कास्ट का हिस्सा बन सकते हैं। वे फिल्म में राक्षस योद्धा विद्युतजिह्वा के किरदार में दिखेंगे, जो रावण (यश) के साथ युद्ध में नजर आएंगे। फिल्म में शूर्पणखा का किरदार रकुलप्रीत सिंह निभा रही हैं। यानी विवेक इस फिल्म  में उनके अपोजिट नजर आएंगे। इससे पहले अफवाहें थीं कि अनिल कपूर और विक्रांत मैसी भी फिल्म में अहम भूमिकाएं निभाने वाले हैं, जहां अनिल को राजा जनक और विक्रांत को मेघनाद बताया गया था। हालांकि, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि ये खबरें केवल अफवाह थीं। बता दें कि फिल्म को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा।

## तारा सुतारिया संग नजर आए रैपर एपी ढिल्लों



एपी ढिल्लों एक इंडियन-कैनेडियन सिंगर, रैपर हैं। इस सिंगर के पंजाबी गानों को खूब पसंद किया जाता है। एपी के कॉन्सर्ट में भी फैंस बड़ी संख्या में नजर आते हैं। हाल ही में इसी सिंगर को एक बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ देखा गया। दोनों को जब पैपराजी ने कैमरे में कैद करने की कोशिश की तो ये थोड़ा कॉन्शस हो गए। वायरल वीडियो में एपी ढिल्लों एक्ट्रेस तारा सुतारिया के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि दोनों किसी रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे हैं। जब पैपराजी ने तारा और एपी ढिल्लों की तस्वीरें लेनी चाहिए तो दोनों थोड़ा कॉन्शस हो गए। एपी ढिल्लों आगे वीडियो में तारा को कार तक लेकर जाते हैं। वह भी उसी कार में बैठ जाते हैं। तारा सुतारिया और एपी ढिल्लों के बीच इस वीडियो में अलग तरह की केमिस्ट्री दिखी। जिस जगह पर ये दोनों थे, वहां बारिश हो रही थी ऐसे में तारा को एपी ढिल्लों बारिश से बचाते दिखे। इस बात को यूजर्स ने भी गौर किया। यूजर ने भी इस वीडियो को खूब लाइक भी किया है।

### तारा सुतारिया का करियर फ्रंट

'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से करियर शुरू करने वाली तारा सुतारिया कई हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अगले साल वह 'केजीएफ' स्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।





## आजकल टेलिविजन में लोगों में काफी असंतोष, अच्छी स्क्रिप्ट मिले तो तुरंत हां कह दूंगी

टेलिविजन से लेकर वेब सीरीज और फिल्मों तक में अपनी एक्टिंग का जादू बिखेरती दिव्यांका त्रिपाठी दहिया आज एक ऐसा नाम हैं, जिन्हें दर्शकों ने सिर्फ पसंद ही नहीं किया बल्कि अपने दिल में जगह दी है। एक वक्त था, जब भोपाल की गलियों से निकलकर दूरदर्शन और रेडियो तक पहुंचने वाली इस लड़की ने सपनों की उड़ान भरी और मुंबई की चमक-धमक भरी दुनिया में अपनी सादगी और दमदार अभिनय से खास पहचान बनाई। माता-पिता की सीख और विश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत मानने वाली दिव्यांका आज भी कहती हैं, 'अगर पैरेंट्स ने मुझे एक्सप्लोर नहीं कराया होता तो शायद मैं खुद को जान नहीं पाती।' हर रिश्ते में भरोसे और फ्रीडम की बात करने वाली दिव्यांका, इंडस्ट्री में महिला-केंद्रित कहानियों की कमी को लेकर थोड़ा उदास हैं।

### पैरंट्स ने हर हुनर को निखारने का मौका दिया

मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी में सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम मेरे माता-पिता रहे हैं। अगर वे मेरे हुनर को पहचान नहीं पाते तो शायद मैं यहां तक नहीं पहुंचती। उन्होंने मुझे सिर्फ एक दिशा में ढालने की कोशिश नहीं की बल्कि मुझे अलग-अलग विधाओं से रूबरू कराया। मैंने कुछ साल भरतनाट्यम सीखा, भोपाल के बड़े तालाब में वॉटर स्कीइंग की, लाल परेड ग्राउंड में पुलिस के घोड़ों के साथ हॉर्स राइडिंग की, एनसीसी, माउंटनियरिंग की ट्रेनिंग ली, ड्रॉइंग और स्कैचिंग भी सीखी। हालांकि, माता-पिता ने मेरा रुझान पहचाना और मुझे लगातार प्रोत्साहित किया। मैं सबसे यही कहना चाहती हूं कि बच्चों को सिर्फ वही न सिखाएं जो आपको पसंद है। उन्हें हर चीज आजमाने दें।

### हर रिश्ते में फ्रीडम और भरोसा होना जरूरी है

दिव्यांका त्रिपाठी ने कहा, चाहे बात माता-पिता की हो, पति-पत्नी की या दोस्तों और रिश्तेदारों की, हर रिश्ते में स्पेस और फ्रीडम बेहद जरूरी होती है। सामने वाले की इच्छाओं का सम्मान करना और उस पर भरोसा जताना, रिश्ते को मजबूती देता है। अगर कोई उड़ना चाहता है, तो उसे उड़ने दीजिए। बीच में कोई व्यवधान मत डालिए। अगर हर रिश्ते में इस तरह की फ्रीडम होती है तो उड़ना आसान हो जाता है। अगर वो गिर भी जाए तो सपोर्ट सिस्टम एक गद्दे की तरह काम करता है, जो उसे चोट खाने से बचा लेता है। यही रिश्तों की असल ताकत है, प्रोत्साहन और विश्वास।

### टीवी ने दिया महिलाओं की ताकत दिखाने का मौका

दिव्यांका बोलीं, पता नहीं क्या वजह है कि फिल्मवाले लड़कियों के लिए ज्यादा फिल्में बनाते नहीं हैं। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि फिल्म इंडस्ट्री में महिला केंद्रित कहानियों की भारी कमी है। मुझे हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट पसंद आए हैं, जिनमें महिलाओं की दुनिया और उनकी ताकत को दिखाया गया हो। ये मौका मुझे सबसे ज्यादा टीवी ने दिया। बहुत खुशनसीब हूं कि टीवी का जो पीक था, उस समय थी और जब वो पीक खत्म हुआ, तब तक मैं रही हूं। 2019 में मेरा लास्ट शो था। फिर मैंने वेब सीरीज वगैरह शुरू की। हालांकि, तब से लेकर अब तक मैंने ज्यादा प्रोजेक्ट्स नहीं देखे, जो मेरे पास महिलाओं का दमदार किरदार लेकर आए हों। जो बनते भी हैं, वो कुछ खास लोगों तक ही सीमित रह जाते हैं। जब लोग पूछते हैं कि आजकल कुछ क्यों नहीं कर रही हूं तो मैं कहती हूं कि पहले जाकर देखिए, मैंने क्या काम किया है।

### आज भी टीवी से उतना ही प्यार करती हूं

दिव्यांका बोलीं, आजकल टेलिविजन में राइटिंग को लेकर लोगों में काफी असंतोष है और यह सही भी है। हां, टीवी काफी हद तक फॉर्म्युला-ड्रिवन हो गया है, लेकिन इसका दोष अकेले टीवी को देना ठीक नहीं। यह ट्रांजिशन का दौर है, जो पूरी इंडस्ट्री को प्रभावित कर रहा है, चाहे वो वेब सीरीज हों या फिल्में। सभी अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। हर कोई बड़ा जोखिम लेने से डर रहा है। हालांकि, यह ईमानदारी से कहना चाहूंगी कि मैं आज भी टीवी से उतना ही प्यार करती हूं, जितना पहले करती थी। अगर कोई अच्छी स्क्रिप्ट या शो मिले तो मैं तुरंत उसके लिए हां कह दूंगी क्योंकि टीवी पर ऐक्टर को बहुत कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिलता।



## तो इस जीन के कारण आती है
# शरीर से दुर्गंध

अगर कभी आप को अपने शरीर से आती हुई हल्की गंध महसूस हुई हो तो आप को अपनी आर्मपिट को चेक करने की जरूरत है। यदि कभी नुक्के से आप अपनी बगलें सूंघे तो शायद आप उससे आने वाली बदबू से रो पड़े। आप इसे स्वीकार करें कि ऐसा होता है। हमारे शरीर में सभी बाह्य कारक जहां से हल्की गंध आती है और उसे छुपाने के लिए आप डियोड्रेंट का सहारा लेते हैं। यही कारण है कि गंध और तेज हो जाती है।

### ब्रिटिश महिलाओं पर किया गया अध्यान



डर्मेटोलॉजी पर हाल ही में प्रकाशित एक लेख में लिखा गया था कि 6495 ब्रिटिश महिलाओं के ऊपर गंध आने का कारण पता लगाने का अध्यान किया गया। जवाब में पाया गया कि आप के शरीर में एक जीन ऐसा होता है जो शरीर की गंध को बाहर फेंकता है। जिसके कारण सभी बाह्य कारकों से हल्की गंध आती है। अगर आप गंध की पूर्व श्रेणी में आते हैं तो आप इसमें ज्यादा कुछ नहीं कर सकते हैं। यह आप के कान की गंध को भी प्रभावित करती है।

### गंध से प्रभावित नहीं होते

जिन ब्रिटिश महिलाओं पर यह प्रयोग किया गया उनमें से दो प्रतिभागियों में दो प्रतिशत एबीसीसी11 जीन का एक रूप था। जिसका अर्थ है कि वे शरीर की गंध से प्रभावित नहीं होते हैं। स्टडी के को-आर्थर और जैनेटिक ईपिडिमोलॉजिस्ट इयान डे ने ब्रिस्टोल की यूनिवर्सिटी में लाइव साइंस में बताया कि यह एक प्रक्रिया होती है कि आप की आर्मपिट गंध का उत्पादन करती है या नहीं। जिसे लेकर दुनिया के कुछ भागों में व्यापकता है।

### यह जीन बताता है गंध का निर्माण होगा

इतना ही नहीं एबीसीसी11 जीन की उपस्थिति हुक्म है कि हम शरीर की गंध को बाहर नहीं फेंकना है। यह भी स्थिरता है और यह हमारे कान की गंध पैदा करती है। अगर आप के कान से कुछ चिपचिपा पदार्थ निकलता है तो यह अच्छा है। जिससे यह साबित होता है कि आपकी आर्मपिट वह केमिकल बना रही हैं जो आर्मपिट में गंध के आदेश का आदेर करता है। लेकिन अगर आप का कान सूखा हुआ है तो यह एक अच्छा संकेत है कि आप को बदबूदार जीन की जरूरत नहीं है।

### सभी पूर्वी एशियन-कोरियन में पाया जाता है यह जीन

यूरोप के लोगों के लिए यह बुरी खबर है कि यहां सिर्फ 2 प्रतिशत लोग ही ऐसे बचे हैं जो इस गंध से दूर हैं। डे ने बताया कि सभी ईस्ट एशियन और कोरियन में यही जीन पाया जाता है। एंटीपर्सपिरेंट पर खर्च करना हमारी दिनचर्या में शामिल है, इस अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर इस पर पुनर्विचार कर सकते हैं। जिन लोगों के एबीसीसी11 जीन ले जाने के लिए वे अपने पैसे खर्च कर रहे हैं। उनके लिए अच्छा नहीं हो सकता है क्या करने के लिए अपनी उनको यह उजागर करे उन्हें बता दिया गया है।

### आ गई है एप्पल की कार



फोन से कंट्रोल होने वाली एप्पल कार के आने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। हाल ही में एप्पल ने व्हीकल एक्सेस यूजिंग पोर्टेबल डिवाइस का पेटेंट हासिल किया है जिसे उसने अक्टूबर 2011 में फाइल किया था। इसके मुताबिक किसी सकेंडरी पोर्टेबल डिवाइस जैसे कि आईफोन और ब्लूटूथ की मदद से कार को अनलॉक, स्टार्ट और कंट्रोल किया जा सकेगा। एप्पल के पेटेंट में एप्पल कार का कहीं जिक्र नहीं है इससे साबित होता है कि यह लेटेस्ट तकनीक किसी भी कार के लिए काम करेगी। फोन से कंट्रोल होने वाली एप्पल कार के आने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। फोन से कार कंट्रोल करने वाली तकनीक कोई नई नहीं है। बताते चलें कि फोर्ड और वोल्वो जैसी कारों में स्मार्टफोन एप की सहायता से कार को कंट्रोल किया जाता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर एप्पल की तकनीक किस मायने में इनसे अलग है। असल में एप्पल के पेटेंट में शामिल तकनीक में सेकेंडरी ड्राइवर को भी कंट्रोल देने की बात पहली बार कही गई है। रिमोट लोकेशन से आईफोन की मदद से कार में मौजूद किसी भी तरह का फंक्शन पूरा किया जा सकेगा। इनमें कार के दरवाजे या स्टोरेज कंपार्टमेंट खोलना या सीट को एडजस्ट करना या फिर रेडियो चलाना जैसे कोई भी फंक्शन हो सकते हैं। फोन से कंट्रोल होने वाली एप्पल कार के आने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। ब्लूटूथ तकनीक की वजह से यह तकनीक केवल उन कारों पर काम करेगी जिनमें शॉर्ट रेंज वायरलेस इंटरकनेक्शन लगा हो। इस तकनीक को यूज करने वाली कार का प्राइमरी होल्डर सेकंडरी पोर्टेबल डिवाइस पर लिमिटेशन और रेस्ट्रिक्शन लगाने के लिए स्वतंत्र होगा। उदाहरण के लिए प्राइमरी होल्डर यह निश्चित कर सकता है कि सेकंडरी होल्डर को कार की स्पीड, यात्रा के घंटे या फिर रेडियो को कंट्रोल का एक्सेस नहीं मिले। फोन से कंट्रोल होने वाली एप्पल कार के आने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। यह तो पहले ही साफ हो चुका है कि यह तकनीक केवल एप्पल कार पर ही चलने के लिए नहीं होगी। इसके मायने ये हैं कि एप्पल नई इंडस्ट्री की ओर कदम बढ़ा रही है। इधर एप्पल की इलेक्ट्रिक कार के बारे में भी अभी तक कोई खबर सामने नहीं आई है। तो क्या रिमोट से चलने वाली एप्पल कार इलेक्ट्रिक कार होगी।

कार बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि बाजार में एक से बढ़कर एक कारें आ रही हैं। इन कारों में एक से बढ़कर एक फीचर्स आ रहे हैं। आने वाले दिनों में फॉक्सवैगन एमियो के साथ भारतीय बाजार में उतरने जा रही है। साथ ही फॉक्सवैगन पोलो जीटीआई भी जल्द ही भारत में लॉन्च होने वाली है। रेनो ने क्विड में सेफ्टी फीचर्स बढ़ाने की बात की है। उधर, 2016 रेंज रोवर स्पोर्ट मॉडल को टेस्टिंग के दौरान वैंकोवर में पेश किया गया है। जापान की ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर कंपनी टोयोटा इस साल के अंत तक भारत में अपनी सेकंड जनरेशन टोयोटा फॉर्च्यूनर को लॉन्च करने जा रही है।

# कारों में एक से बढ़कर एक फीचर्स...



**भारतीय** कार बाजार में कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट ऐसा सेगमेंट है जहां करीब करीब हर कंपनी मौजूद है। इस सेगमेंट में भी अच्छी प्रतियोगिता और मांग देखने को मिल रही है। यही वजह है कि फॉक्सवैगन भी एमियो के साथ यहां उतरने जा रही है। यहां हम नजर डालेंगे एमियो के फीचर्स पर जो इसे मुकाबले में बाकी खिलाड़ियों से आगे रखेंगे। डीजल वर्जन को ग्राहक प्राथमिकता देते हैं इसके अलावा धीरे-धीरे ऑटोमैटिक डीजल कारों की मांग भी जोर पकड़ रही है। ऐसे में एमियो सेगमेंट की पहली कार होगी जो ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एएमटी) के बजाए पूरी तरह से ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आएगी। इसमें वेंटो और रैपिड डीजल की तरह 7-स्पीड डीएसजी ऑटोमैटिक गियरबॉक्स आएगा। पोलो और वेंटो की तरह एमियो में भी 1.5 लीटर का डीजल इंजन मिलेगा। इसमें पोलो हैचबैक जितना ही टार्क मिलेगा। पोलो में यह इंजन 230 एनएम का टॉर्क देता है। इसके मुकाबले में केवल फोर्ड की फीगो एस्पायर ही है जो 215 एनएम का टॉर्क देती है। बाकी सभी कॉम्पैक्ट सेडान के डीजल वर्जनों का टॉर्क 200 एनएम के नीचे ही है। एमियो में पोलो वाला फ्लैट बॉटम स्टीयरिंग व्हील दिया जाएगा। इसके अलावा ड्राइविंग कंफर्ट के लिए इसमें क्रूज कंट्रोल मिलेगा। एमियो के मुकाबले में मौजूद किसी भी कार में क्रूज कंट्रोल नहीं दिया गया है। फोर्ड फीगो एस्पायर में ड्यूल एयरबैग्स तो स्टैंडर्ड दिए गए हैं लेकिन एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) सिर्फ टॉप वेरिएंट में ही उपलब्ध है। एमियो सेगमेंट की पहली कार होगी जिसमें ड्यूल एयरबैग्स और एबीएस स्टैंडर्ड मिलेगा। एमियो में पोलो और वेंटो की तरह टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम मिररलिंक कनेक्टिविटी के साथ मिलेगा। इसके जरिए स्मार्टफोन को इंफोटेनमेंट सिस्टम से कनेक्ट कर सकते हैं। इसके अलावा एमियो में एप्पल कार-प्ले सपोर्ट भी मिलेगा, जो एप्पल फोन को सिस्टम से कनेक्ट करेगा। मुकाबले में मौजूद स्विफ्ट डिजायर, होंडा अमेज और एक्सेंट में टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम मौजूद नहीं है।

### फॉक्सवेगन एमियो



### रेनो क्विड होगी अपडेट



ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में रेनो क्विड को जीरो रेटिंग हासिल हुई थी। इसके बाद रेनो के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की। अब रेनो ने क्विड में सेफ्टी फीचर्स बढ़ाने की बात की है। हालांकि इसकी शुरुआत ब्राजील से होगी। फेसबुक पेज पर रेनो ने कहा है कि हम ब्राजील में क्विड को 4 एयरबैग और एबीएस फीचर्स से लैस करेंगे। दरअसल ब्राजील में साल 2014 से ही सभी वाहनों में ड्यूल फ्रंट एयरबैग और एबीएस देना अनिवार्य है। लिहाजा नियमों का पालन करने के लिए ब्राजील में लॉन्च होने वाली क्विड में बदलाव कर सेफ्टी फीचर्स जोड़े जाएंगे। इससे यह कार ज्यादा सुरक्षित होने के साथ ही लैटिन अमेरिकी क्रैश टेस्ट में भी बेहतर साबित होगी। ब्राजील में क्विड नवंबर 2016 में आयोजित होने वाले साओ पॉलो मोटर शो के दौरान उतारी जाएगी। ब्राजील में दिए जाने वाले सेफ्टी फीचर्स और टेक्नोलॉजी रेनो क्विड के भारतीय अवतार में कब उपलब्ध होंगे, इसके बारे में अभी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। बात करें भारत में उपलब्ध रेनो क्विड की तो फिलहाल इसके किसी भी वेरिएंट में एबीएस नहीं दिया गया है। केवल टॉप वेरिएंट में ही ड्राइवर एयरबैग का विकल्प दिया गया है। जल्द ही इसे पहले से ज्यादा पावरफुल 1000 सीसी या 1.0 लीटर के इंजन और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ उतारा जाना है। ऐसी खबरें हैं कि नई रेनो क्विड में ड्यूल फ्रंट एयरबैग और एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम भी मिल सकता है।

### फॉक्सवेगन पोलो जीटीआई



फॉक्सवैगन पोलो जीटीआई जल्द ही भारत में लॉन्च होने वाली है। फिलहाल इस कार की टेस्टिंग चल रही है। मुंबई के पास टेस्टिंग के दौरान इस कार की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं। फॉक्सवैगन पोलो जीटीआई को 2016 दिल्ली ऑटो एक्सपो में शोकेस किया गया था। उम्मीद है कि ये कार साल के अंत तक भारतीय बाजार में लॉन्च कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि पोलो जीटीआई की कीमत 18 लाख रुपए से लेकर 20 लाख रुपए के बीच हो सकती है। फॉक्सवैगन पोलो जीटीआई दिखने में पोलो जीटी की तरह ही है। कार को शार्प स्टाइलिंग दी गई है। कार में हनीकॉम्ब ग्रिल, स्पोर्टी बंपर, एलईडी हेड लैंप, हॉरिजॉन्टल एलईडी फॉग लैंप, एलॉय व्हील, रेड ब्रेक कैलिपर और रियर स्पॉयलर लगाए गए हैं। कार की साइड प्रोफाइल स्लीक और एलिगेंट है। कार में लगे स्पोर्टी एलॉय व्हील और ब्रेक कैलिपर इसकी खूबसूरती बढ़ा रहे हैं। फॉक्सवैगन पोलो जीटीआई में 1.8-लीटर टीएसआई टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन लगा है जो 190 बीएचपी का पावर और 250एनएम का टॉर्क देता है। इस पावरफुल इंजन को कंपनी की मशहूर 7-स्पीड डीएसजी यूनिट से लैस किया गया है। इस कार की टॉप स्पीड 250 किलोमीटर प्रति घंटे की है और ये महज 6.7 सेकेंड में 0 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है।

### 2016 रेंज रोवर स्पोर्ट



रेंज रोवर फुल-साइज्ड फोर-व्हील ड्राइव स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल है जिसे लैंड रोवर द्वारा उत्पादित किया जाता है। इस एसयूवी के 2016 मॉडल को टेस्टिंग के दौरान वैंकोवर में पेश किया गया है। इस 7,144 किलोग्राम की एसयूवी में 3.0 लीटर का टर्बो चार्ज्ड वी6 डीजल इंजन लगा है। साथ ही इस एसयूवी को 8 स्पीड ऑटोमेटिक के साथ अटैच किया गया है। कंपनी के मुताबिक डीजल ऑप्शन में यह कार शहर के बीच चलने पर 29 प्रतिशत अधिक माइलेज देगी। स्पीड की बात की जाए तो यह कार 96 किमी प्रति घंटे की स्पीड 7.1 सेकेंड में पकड़ लेती है और इसकी टॉप स्पीड 209 किमी प्रति घंटा है। उम्मीद की जा रही है कि इस कार के वेरिएंट्स को लगभग 75,89,113 रुपए कीमत के बीच लॉन्च किया जाएगा।

### टोयोटा फॉर्च्यूनर



जापान की ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर कंपनी टोयोटा इस साल के अंत तक भारत में अपनी सेकंड जेनरेशन टोयोटा फॉर्च्यूनर को लॉन्च करने जा रही है। फॉर्च्यूनर एकलौती ऐसी एसयूवी है जो पिछले कई वर्षों से अपने सेगमेंट में टॉप पोजीशन बनाए हुए है। फर्स्ट जेनरेशन टोयोटा फॉर्च्यूनर के मुकाबले सेकंड जनरेशन में काफी बदलाव किए हैं साथ ही इसकी फ्रेम चेसिस को भी अपग्रेड किया गया है। इस नई टोयोटा फॉर्च्यूनर के डिजाइन और लुक की बात की जाए तो इसमें नया ग्रिल डिजाइन, वी शेप का क्रोम बैंड और रियर विंडो लाइन को बिल्कुल नए तरीके से पेश किया गया है। पहली टोयोटा फॉर्च्यूनर का इंटीरियर इम्प्रेसिव नहीं था। लेकिन इस बार इसके इंटीरियर में लेदर का काफी उपयोग किया गया है। डैशबोर्ड पर क्रोम फिनिश दी गई है साथ ही इसके इंटीरियर में टच स्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम भी मौजूद होगा। टोयोटा की नई फॉर्च्यूनर के लिए नया 177 बीएचपी पावर जनरेट करने वाला 2.8-लीटर डीजल इंजन बनाया जा रहा है। यह मौजूदा 3.0-लीटर इंजन से छोटा है, लेकिन ज्यादा पावर देता है। इसमें 6 स्पीड मैनुअल या फिर 6 स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया जा सकता है। उम्मीद की जा रही है कि नेक्स्ट जनरेशन टोयोटा फॉर्च्यूनर की लॉन्चिंग के बाद कंपनी 150 बीएचपी का 2.4-लीटर डीजल इंजन वाला वेरिएंट भी लाॅन्च करेगी।

### कोनिगसेग की नई सुपरकार



कोनिगसेग ऑटोमोबाइल एबी स्विस की जानी-मानी सुपरकार कंपनी है। अपने स्टाइलिश डिजाइन, पावरफुल इंजन और बेहतरीन परफॉर्मेंस वाली कारों के लिए जानी जाने वाली इस स्वीडिश निर्माता ने अपने सफर (कंपनी) की शुरुआत 1994 में की थी और बेहद कम समय में यह कंपनी दुनिया की बेहतरीन सुपरकार बनाने वाली कंपनियों में शामिल हो गई है। अब कंपनी एक बार फिर कुछ कमाल करने वाली है। फिलहाल कोनिगसेग की किसी भी कार को खरीदना हर किसी के बस की बात नहीं है लेकिन कंपनी एक ऐसी कार बनाने में लगी है जिसे ज्यादा से ज्यादा लोग खरीद सकेंगे। इस कार की पावर किसी स्पोर्ट्स कार की तरह ही होगी। कंपनी फ्रीवाल्व आटोमेकर कोसेज के साथ मिलकर एक हाईपरफॉर्मेंस 1.6 लीटर इंजन पर काम कर रही है जो 400 हॉर्सपावर और उससे ज्यादा की पावर देने में सक्षम होगा। इस इंजन को बनाने के लिए वही सिद्धांतों को अपनाया जाएगा जिस पर चलकर कंपनी ने अगेरा और रेगेरा के इंजनों को बनाया है।

### मर्सिडीज की जीएलसी एसयूवी



जर्मन की ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर कंपनी मर्सिडीज 2 जून को भारत में जीएलसी नाम की एसयूवी लॉन्च करने जा रही है। इस एसयूवी में मर्सिडीज जीएलसी असल में सी-क्लास लग्जरी सिडान का एसयूवी वर्जन है। इस गाड़ी में मर्सिडीज की सी-क्लास जैसी ही हेडलैम्प और स्पोर्टी फ्रंट ग्रिल मौजूद है साथ ही इस एसयूवी के फ्रंट में चौड़ा बंपर और साइड में चौड़े और बड़े टायर दिए गए हैं जो इसे काफी आकर्षक बनाते हैं। जहां तक इसके रियर प्रोफाइल का सवाल है, तो यह भी काफी अलग है। पीछे की तरफ हॉरिजॉन्टल स्टाइल में लगे एलईडी टेललैम्प इसकी लुक को और निखार देते हैं। मर्सिडीज की यह एसयूवी पेट्रोल और डीजल, दोनों इंजन ऑप्शन में उपलब्ध होगी। पेट्रोल वर्जन में जीएलसी-200, जीएलसी-250 और डीजल वर्जन में जीएलसी-200डी और जीएलसी-250डी वेरिएंट उपलब्ध होंगे। सभी इंजन वेरिएंट्स 9-स्पीड गियरबॉक्स से जुड़े होंगे। फीचर्स की बात की जाए तो इसके सेंटर में बड़ी टचस्क्रीन, एंबिएंट लाइटिंग और एप्पल कार प्ले के साथ कई लग्जरी फीचर्स मौजूद मिलेंगे। मर्सिडीज की इस एसयूवी में काफी आरामदायक सीटें लगाई गई हैं। इस गाड़ी में कुल मिलाकर 5 लोग आसानी से बैठ सकते हैं। इस एसयूवी में ऑल व्हील ड्राइव का ऑप्शन भी मिलेगी साथ ही इसमें एयरमैटिक सस्पेंशन लगाए गए हैं।

# नई पीढ़ी का मल्टी-रोल फाइटर जेट...

स्वीडन की डिफेंस और सिक्योरिटी कंपनी साब ने नई पीढ़ी का मल्टी-रोल फाइटर जेट पेश किया है। ग्रिपेन ई प्रोटोटाइप 39-8 स्मार्ट फाइटर कम्पनी की लेटेस्ट प्रोडक्शन है। साब के मुताबिक, सिंगल सीटर ग्रिपेन ई इसके पुराने वर्जन (ग्रिपेन के) से ज्यादा एडवांस है। इसमें अधिक से अधिक रेंज और सहनशीलता के साथ-साथ उन्नत हथियार और इलैक्ट्रॉनिक तरीके से लड़ने की क्षमता है। इस विमान की पूरी जानकारी नीचे स्लाइडशो में।



### 1 घंटे में बदला जा सकता है इंजन

50 फीट लंबे और 28 फीट लंबे पंखों के साथ ग्रिपेन ई ज्यादा बड़ा फाइटर जेट तो नहीं है लेकिन 16,500 किलोग्राम वजन के साथ टेक ऑफ (उड़ान भरना) कर सकता है। मिशन के समय यह 10 मिनट में तैयार हो सकता है और जरूरत के समय इसके इंजन को 1 घंटे में बदला जा सकता है।

### सड़क पर भी संचालित

ग्रिपेन लाइन का यह 6वां वेरिएंट है। ग्रिपेन ई को बेसिक डिजाइन के साथ लाइटवेट और तेजी से बदलाव के लिए चुस्त लड़ाकू विमान बनाया गया है। यह छोटे हवाई अड्डों और यहां तक कि सड़कों से संचालित होने की क्षमता भी रखता है।

### 50 साल तक दे सकेगा सर्विस

कम रखरखाव वाले डिजाइन के साथ पेश किया गया ग्रिपेन ई लगभग 50 साल की सर्विस दे सकेगा। इसी के साथ इसमें फ्लेक्सिबल हार्डवेयर और बड़ी संख्या में वर्तमान के लगभग सभी हथियारों को फिट किया जा सकता है।

### उड़ते समय भर सकता है ईंधन

ग्रिपेन ई में भी डेल्टा विंग, कनार्ड कॉन्फिग्रेशन और फ्लाई-बाय-वॉयर फ्लाइट एवियोनिक्स का प्रयोग किया गया है लेकिन पुराने वर्जन के मुकाबले यह फ्यूल की बचत ज्यादा करता है। एवियोनिक्स एक इलैक्ट्रिक सिस्टम है जिसका प्रयोग एयरक्राफ्ट, आर्टिफिशियल सैटेलाइट और स्पेसक्राफ्ट में किया जाता है।

### ज्यादा थ्रस्ट पैदा करता है

जनरल इलैक्ट्रिक एफ414जी जेट इंजन 20 प्रतिशत तक ज्यादा थ्रस्ट पैदा करता है। इसमें इन-फ्लाइट (उड़ते समय) ईंधन भरने की क्षमता है और यह नाटो कम्पेटिबल है। पुराने ग्रिपेन जेट्स तो स्वीडन, साऊथ अफ्रिका, चेक रिपब्लिक, हंगरी और थाईलैंड की फोर्स में अपनी सर्विस दे रहे हैं लेकिन ग्रिपेन ई जेट्स 2019 तक स्वीडन और ब्राजील में अपनी सर्विस देनी शुरू कर सकते हैं।

### हमले से बचने के लिए

इसके अलावा ग्रिपेन ई में ए.ई.एस.ए. (एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे) है जो व्यक्तिगत रूप से लक्ष्यों को ट्रैक करता है और इसमें राडार जाम करने वाला सिस्टम भी लगा है। साथ ही आर.डब्ल्यू.आर. (राडार वार्निंग रिसीवर) मिसाइल के हमले से बचने के लिए अलर्ट देता है और दुश्मन के राडार को लॉक कर सकता है, हालांकि एम.ए.डब्ल्यू. (मिसाइल एप्रोच वार्निंग) सिस्टम आने वाली मिसाइलों को ट्रैक करता है। उल्लेखनीय है कि साब ग्रुप एक स्वीडिश एयरोस्पेस और डिफेंस कम्पनी है जिसकी स्थापना 1937 में हुई थी।

# अब सेल्फ ड्राइविंग ट्रक!



आपने अभी तक सेल्फ ड्राइविंग कारों के बारे में सुना होगा लेकिन अब सेल्फी ड्राइविंग ट्रक भी बाजार में लाने की तैयारी चल रही है। गूगल, टेल्सा और एप्पल जैसी तकनीकी कंपनियों के 40 पूर्व कर्मचारियों के एक समूह ने मानव रहित या स्वयं चलने वाले ट्रकों के युग का आगाज करने के लिए ओटो नामक नई कंपनी बनाई है। अमेरिकी तकनीकी मिडिया द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, सैन फ्रांसिस्को की इस कंपनी का उद्देश्य पारंपरिक ट्रक उद्योग को उच्च-तकनीक सेन्टर में तब्दील करना है। ओटो ट्रक एक व्यक्ति की अपेक्षा कई अधिक घंटों तक सुरक्षित तरीके से चलने में समर्थ होगा। कंपनी ने वोल्वो वीएनएल 780 ट्रक से शुरुआत की है, जो राजमार्गों पर मौजूद भारी भरकम ट्रकों में से एक है। द वर्ज के मुताबिक, ओटो कंपनी पूरी तरह से अपने पैसे पर खड़ी की गई है, जिसमें बाहर का कोई निवेश नहीं है। द वर्ज ने ओटो के सह-संस्थापक एंटनी लेवानडोवस्की के हवाले से कहा, मेरे ख्याल से वे जो कर रहे हैं, वो कमाल का है। लेकिन मेरे ख्याल से हम जो सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं और वे जो सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं, वो समयसीमा व उद्देश्य के लिहाज से जुदा है। एंटनी गूगल की सेल्फ ड्राइविंग कार टीम के सदस्य रह चुके हैं।

# सचिव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण

### सभी बालकों को बताएं उनके कानूनी अधिकार एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कुल 12 विधि से संघर्षरत एवं 2 देखरेख एवं संरक्षण एवं 1 शिशु पाए गए। सचिव ने राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह में बाल अपचारियों की संख्या, उनके मुकदमों, स्वास्थ्य जांच, परिजनों से मिलने का समय, संस्था में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह, पेयजल, उनकी दिनचर्या, बाल अपचारियों के अपराध सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरों आदि के संबंध में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसमें एक बालक ने अपनी स्वयं के द्वारा बनाई पेंटिंग दिखाई। इस दौरान उन्होंने पेंटिंग एवं किताबों के संबंध में सामग्री की कमी को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए एवं निरीक्षण के समय एक शिशु की देखरेख एवं स्वास्थ्य देखभाल के भी निर्देश दिए साथ ही उन्होंने विधि से संघर्षरत बालकों को नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं स्कीम 2024 नालसा स्कूल छोड़ने वाले एवं वंचित बच्चों के लिए विधिक सहायता योजना 2025 के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही बाल अपचारियों को प्रदान नि:शुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ की गई। सचिव ने बाल अपचारियों को साइबर क्राइम एवं अन्य अपराधों से दूर रहने एवं शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को देखते हुए सभी बालकों को नियमित रूप से योग करने के लिए भी प्रेरित किया और योग करने के फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संप्रेषण गृह में कमरों की साफ-सफाई एवं बच्चों को पढ़ने की किताबें उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए बच्चों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर संप्रेषण गृह के संजय, स्टेनो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल डंडोतिया एवं योगा टीचर दिनेश कुमार, हेमंत आदि मौजूद रहे।

# *हत्या के प्रयास के मामले में फरार 10 हजार रूपये के ईनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार*

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिले की कंचनपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। कंचनपुर थानाधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि 03 जून 2023 को रात लगभग 11.30 बजे आरोपित राहुल व उनके साथियों ने दीनानाथ पुत्र विध्याराम गुर्जर के घर में घुसकर उन पर फायरिंग की, साथ ही घर में तोड़फोड़ की और धमकियां दीं कि यदि 3 दिन में 1,50,000 रुपये नहीं दिए गए तो जान से मार दिया जाएगा। आरोपियों ने घटना के समय फायरिंग कर दीनानाथ के वाहन को भी नुकसान पहुंचाया था। यह वारदात स्थानीय निवासी गब्बर बेताल के सामने हुई। घटना के बाद पीड़ित के द्वारा नामजद मामला कंचनपुर थाना पर दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। अनुसंधान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी बदमाश राहुल पुत्र नंदकिशोर गुर्जर निवासी बरिघा थाना गहनोली मोड, जिला भरतपुर) को कैंथरी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया है। जिसके पुलिस पूछताछ कर रही है।

## कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/2355 दिनांक :– 13.06.2025

**–: ई–निविदा सूचना–2025–26 :–**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 25.06.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2526WSOB07804) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/4587

## Rajasthan Government
## Directorate of Specially Abled Person

G/3A, Near Ambedkar Bhawan, Civil Lines, Jaipur
Phone No. 0141-2222267, 0141-2222249 email:- dir.dsap@rajasthan.gov.in

No.F.8(19)(5)/silicosis/dsap/2022/7739 Jaipur, dated: -12.06.2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB NO.06/2025-26**

Bid for silicosis consultant of estimated value Rs. 9.60 lacs are invited from interested bidder up to 1.00 P.M dated 20-06-2025. Other particulars of bid may be visited on the portal (http//sppp.raj.nic.in) and www.dsap.rajasthan.gov.in.
UBN DSA 2526SSOB00008

DIPR/C/8036/2025

COMMISSIONER
CUM SPECIAL SECRETARY

# रेलवे ट्रैक पर मां और बेटे के शव दो अलग-अलग स्थानों पर मिले

**धौलपुर(निसं.)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मां और बेटे के शव दो अलग-अलग स्थानों पर बुधवार को मिले हैं। रेलवे ट्रैक पर 11 माह के बच्चे का शव मिला। मां का शव एफसीआई गोदाम के पास मिला। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए दोनों शवों को मॉर्च्यूरी में रखवाया है। कोतवाली थाना प्रभारी हरिनारायण मीणा के अनुसार, मृतक महिला की पहचान टिंकल के रूप में हुई है। वह आगरा के तेरहा की रहने वाली थी। टिंकल ने दो साल पहले फतेहाबाद, उत्तर प्रदेश के विपिन यादव से कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों होशंगाबाद में रह रहे थे। जांच में पता चला है कि 16 जून को टिंकल का भाई उसे और उसके 11 माह के बच्चे को होशंगाबाद से घर ला रहा था। इसके बाद दोनों के शव मिले। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक महिला के पति को दी है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर खण्ड - द्वितीय (उत्तर), मिस्त्रीखाना, जयपुर

Email:-&enwnjpr@gmail.com Tel- 0141-2311727
क्रमांक- अअ / नख - II ( उ0) / 25-26/676-95 दिनांक- 11-06-25

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से हैन्डपम्प मरम्मत कार्य (राशि रू03.00 लाख) करने हेतु पी.डब्ल्यू. एफ. एंडए. आर. पार्ट - अपेण्डिक्स - 16 दिनांक 17.99 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा आज तक जारी संशोधित परिपत्रों के अनुरूप उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों / अनुभवी फर्मों जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार अधिकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र में निविदाऐं ऑफलाईन आमन्त्रित की जाती है।
निविदा संबंधित विवरण निम्नलिखित वैबसाईट पर देख सकते है।
1. http://sppp.rajasthan.gov.in

| S.NO | NIT Number | UBN Code |
|---|---|---|
| 1 | 07/2025-26 | PHE2526WSRC02894 |

(संजय कुमार शर्मा )
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
नगर खड-ना (उ0) जयपुर

DIPR/C/8049/2025

## राजस्थान सरकार
## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण पंचायत समिति चूरू

क्रमांक- ईनिविदा/2025-26 /129 दिनांक- 18.06.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26 वाहन किराया पर लेने हेतु व ई निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 कम्प्यूटर ऑपरेटर लेने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्त एवं निविदा प्रपत्र को वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

1. NIB No. WSC2526A0334

2. NIB No. WSC2526A0331

(मजहर हुसेन)
अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण
पंचायत समिति, चूरू

## कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1050 की धारा 25 के अधीन नोटिस**

मु. नं. - 78/25/1243 दिनांक-18-6-2025

**नोटिस**

चूंकि मालचन्द दर्जी, मंत्री सोहन रतना कल्याण केन्द्र पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, बीदासर जिला चूरू द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत सोहन रतना कल्याण केन्द्र पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, बीदासर जिला चूरू में नये ट्रस्टीयों के नाम दर्ज करने के संबंध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।
गया।

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया
प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.07.2025 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग
बीकानेर

## कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानोली सीकर

क्रमांक- 217 दिनांक- 14-06-25

**निविदा सूचना**

राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानोली (सीकर) पर वर्ष 2025-26 (01.07.2025 से 31.03.2026 कुल 09 माह) में मुख्यमं नि:शुल्क दवा योजना के अन्तर्गत मैन विद मशीन कम्प्युटर ऑपरेटर जोब बेसिस एजेन्सी (एनजीओ) के माध्यम से कार्य कराने हेतु मोहर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.06.2025 से 24.06.2025 दोपहर 11 बजे तक बेची जावेगी एवं उसी दिन दोपहर बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 30.06.2025 दोपहर 2 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जावेगी।

| क.स. | कार्य का नाम | वर्ष | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना में OPD / IPD पंजीकरण हेतु (IHMS) पद 1 व चिरजीवी योजना मे मैन विद मशीन कम्प्युटर ऑपरेटर-1 | 2025-26 | 280000/- | 5600/- | 500/- |

**निविदा कार्यक्रम का विवरण-**
निविदा फार्म दिनांक 24.06.2025 को दोपहर 11 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमा करवाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते अमानत राशि रू 5600/ की डी.डी सचिव RMRS सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानोली के नाम निविदा पत्र के साथ सलग्न करना आवश्यव मोहरबन्द निविदा पत्र दिनांक 24.06.2025 को दोपहर 1 बजे तक जमा कराये जा सकते है प्राप्त निविदा पत्रो के लिफाफे दिनांक 30.06.2 को क्रय समिति द्वारा साय 2 बजे खोले जायेगे। निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार इस संस्थान की क्रय समिति होगा। निविदा से सम्बधित विस्तृत विवरण इस कार्यलय में कार्यलय समय में देखा जा सकता है। निविदा सुचना उपापन पो www.sppp.rajsthan.nic.in पर भी उपलब्ध है।

NIB CODE MHS2526A1252
UBN MHS 2326SSOB01995

सदस्य
चिकित्सा अधिकारी
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानोली सीकर

### जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 में दानदाता सीधे क्यूआर कोड के माध्यम से जमा करें राशि

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अन्तर्गत 5 जून से 20 जून तक संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न विभागों, संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, दानदाताओं एवं प्रवासी राजस्थानियों से सहयोग की अपील की है। अभियान के अन्तर्गत सीएसआर मद में प्राप्त होने वाली राशि को मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 समिति राजस्थान के पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच नेहरू पैलेस जयपुर के खाता संख्या 406400 2100022603 आईएफएस कोड पीयूएनबी0406400 में दानदाता द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से राशि सीधे ही जमा कराई जा सकेगी।

## कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0

E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक–नपाबी/2025–26/740 दिनांक–17.06.2025

**निविदा सूचना**

पंजीकृत एवं अधिकृत सामग्री विक्रेताओं, ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निम्न कार्यो की दरे निर्धारित हेतु निविदाएं आमन्त्रित करती है। इच्छुक निविदादात्ता दोपहर 12 बजे तक निविदा पत्र प्राप्त कर अपनी दरे बन्द लिफाफे में कार्य के सम्मुख अंकित तिथियों को सायं 1 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन सायं 03 बजे उपस्थित निविदादात्ताओ के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DLB2526A2619
UBN NO.- DLB2526SSRC08311

अध्यक्ष
नगरपालिका, बीदासर

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, बीदासर

राज.संवाद/सी/25/4565

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक- 219 दिनांक- 11/06/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 05/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य कुल 10 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A1263 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB04355 | 2 | PWD2526WSOB04356 |
| 3 | PWD2526WSRB04357 | 4 | PWD2526WSRB04360 |
| 5 | PWD2526WSRB04361 | 6 | PWD2526WSOB04365 |
| 7 | PWD2526WSOB04366 | 8 | PWD2526WSOB04368 |
| 9 | PWD2526WSOB04371 | 10 | PWD2526WSOB04375 |

(विजय प्रताप कस्वा)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर

DIPR/C/8033/2025

## SE CUM PROJECT MANAGER, WCDC, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, CHURU

E-mail ID:- SEwdsc.churu@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक- एफ3()/अ.अ / डब्ल्यूसीडीसी / चूरू / निविदा / 2025-26/494-499 दिनांक- 16.06.2025

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 05/S. No. v YEAR 2025-26**

Bids for Watershed Development Works are invited from interested bidders up to 18.00 PM on 26.06.2025 as per following details. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in or https://watershed.rajasthan.gov.in)bof the state departmental website.

| Sr. No. | Block | Nib Ref No. | Estimate (Rs in Lacs) | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajgarh | ENIT_05_2025_26_SE_CHURU | 54.20 | WSC2526A0325 | WSC2526WSOB00533 |

अधिवन अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक
वाटरखेड सैल कपडाव सेन्टर
जिल्ला परिषद, शुरू

DIPR/C/7992/2025

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित गांवों में शिविरों का होगा आयोजन

**धौलपुर(निसं.)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में चयनित 44 गांवों में जनजातिय वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए जन चेतना के उद्देश्य से 30 जून तक जिले के चयनित गांवों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ ने बताया कि चयनित गांवों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगने वाले शिविरों में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत, मिशन इन्द्र धनुष, टीबी मुक्त भारत और निक्षय पोषण योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, मुद्रा योजना, बीमा योजना, स्टेण्ड अप इंडिया स्कीम, वन धन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास योजना, स्वामित्व योजना, घरों का विद्युतीकरण, नई सौर ऊर्जा योजना, जल जीवन मिशनआदि

# कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ़

## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं लालगढ़/2025-26/51-55 दिनांक- 16.06.2025

**संशोधित निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | WSP निर्माण कार्य कब्रिस्थान के पास लालगढ़ | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 16.06.2025 सांय 06.00 बजे से 23.06.2025 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 23.06.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 23.06.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB code ZCR2526A0418 and UBN is: ZCR2526WSOB00646 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत लालगढ़

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लालगढ़

## कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानोली सीकर

क्रमांक 916 दिनांक- 14-06-25

**निविदा सूचना**

राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानोली (सीकर) पर वर्ष 2025-26 (01.07.2025 से 31.03.2026 कुल 09 माह) में सफाई व्यवस्था जोब बेसिस एजेन्सी (एनजीओ) के माध्यम से कार्य कराने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.06.2024 से 24.06.2025 दोपहर 11 बजे तक बेची जावेगी एवं उसी दिन दोपहर 1 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 30.06.2025 दोपहर 2 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा पर सफाई ठेका लिखा होना चाहिए।

| क.स. | कार्य का नाम | वर्ष | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सफाई व्यवस्था | 2025-26 | 270000/- | 5400/- | 500/- |

**निविदा कार्यक्रम का विवरण-**
निविदा फार्म दिनांक 24.06.2025 को दोपहर 11 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमा करवाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। अमानत राशि रु 5400 / की डी.डी सचिव RMRS सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानोली के नाम निविदा पत्र के साथ सलग्न करना आवश्यक है मोहरबन्द निविदा पत्र दिनांक 24.06.2025 को दोपहर 1 बजे तक जमा कराये जा सकते है प्राप्त निविदा पत्रो के लिफाफे दिनांक 30.06.2025 को क्रय समिति द्वारा साय 2 बजे खोले जायेगे। निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार इस संस्थान की क्रय समिति को होगा। निविदा से सम्बनधित विस्तृत विवरण इस कार्यलय में कार्यलय समय में देखा जा सकता है। निविदा सुचना उपापन पोर्टल www.sppp.rajsthan.nic.in पर भी उपलब्ध है।

NIB CODE MHS2526A1251
UBN MHS 2326SSOB01994

सदस्य
चिकित्सा अधिकारी
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानोली सीकर

## मोठूका में तीन वर्षों से पंचायत भवन में संचालित हो रहा कृषि विभाग कार्यालय

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन (निसं)।** मोठूका ग्राम पंचायत में कृषि विभाग के पास अब तक अपना कोई स्थायी भवन नहीं है, जिससे विभागीय कार्यों के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। यह जानकारी कृषि पर्यवेक्षक सावित्री चौधरी ने दी है, जो पिछले तीन वर्षों से पंचायत भवन में कार्य करने को विवश हैं। सावित्री चौधरी ने बताया कि उन्हें पंचायत या प्रशासन की ओर से कोई अलग भवन उपलब्ध नहीं



कराया गया है। उन्होंने कई बार इस समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि हम किसानों को बीज, फार्म, सिंचाई तालाब (पोंड), कृषि उपकरण और अन्य योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, लेकिन हमारे पास बैठने और कार्य करने के लिए खुद की कोई जगह नहीं है। इससे कार्य प्रभावित होता है और किसानों को भी असुविधा होती है। स्थानीय किसानों का भी कहना है कि कृषि विभाग की कार्यशैली किसानों के लिए लाभदायक है, लेकिन विभाग को बुनियादी सुविधाएं न मिलने से योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाइयां आती हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या पर ध्यान देता है और कृषि विभाग को उसका अपना भवन उपलब्ध कराता है, जिससे ग्राम स्तर पर कृषि कार्यों में सुचारुता लाई जा सके।

## मोक्षकाद्वार: साधना शिविर 22 से 27 जून तक

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** 22 जून से 27 जून तक बरडा बोपिया, सूरजधाम में ध्यान साधना शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में विशेष कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। जिसमें योगिक दिनचर्या व व्यायाम, प्राणायाम व स्वर विज्ञान, विद्यार्थियों के सु-चरित्र निर्माण के लिए प्रेरणात्मक अभ्यास, साधकों के लिए शुषुम्ना व कुण्डलिनी जागरण साधना, दिव्य दृष्टि योग का अभ्यास, शील, समाधि व आत्मशुद्धि के लिए विशेष साधनाएँ, व्यक्तिगत शंका समाधान सत्र के बारे में अभ्यास कराया जाएगा। सभी साधक समय पर पधार कर इस आत्मोन्नतिपरक साधना शिविर का लाभ प्राप्त करें।

## हर्षिनी कुलहरि को भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर किया स्वागत




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झुंझुनूं में भाजपा ने पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार की पुत्रवधू और वर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बुधवार को मण्डावा से भाजपाईयों का दल झुंझुनूं जाकर उन्हें बुकें भेंटकर और मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और पार्टी उच्चकामना का आभार जताया। इस मौके पर मण्डावा नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष मोहम्मद इब्राहिम, पार्षद राजकुमार सैनी, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी, अयूब खत्री, सीताराम राकसिया, सेठ शीवचरण गाड़ोदिया, दिनेश -संजय धुंधरवाल, सलामुदिदन रंगरेज, महिपाल सिंह महणसर, दीपक खाण्डल आदि कार्यकर्ता शामिल रहे। इसके अलावा भाजपा, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, जिला मंत्री महावीर ढ़ाका, मण्डावा अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, सरपंच मुकेश झांझड़िया, ब्लॉक मेम्बर राहुल कुमास, किशोर जांगिड़सहित मण्डावा क्षेत्र के सैकड़ों भाजपाईयों ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देने झुंझुनूं गए।

## जलदाय विभाग की नई पाइप लाइन में हो रहा बार-बार लीकेज, व्यर्थ बह रहा पेयजल

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के भगवान नगर कॉलोनी से डंपिग यार्ड जाने वाले रास्ते पर लीकेज, लीकेज के कारण घरों में प्रेशर से पानी नहीं पहुंच रहा है। गत सप्ताह भर से पाइप सप्लाई लाइन में लीकेज हो रही है। जलदाय विभाग की अनदेखी के चलते हर दिन हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है। पाइप लाइन में बीते एक सप्ताह से लीकेज हो रह है। जिससे व्यर्थ पानी बहता रहता है। कस्बेवासियों के अनुसार प्रतिदिन सुबह पेयजल सप्लाई के समय इस पाइप लाइन से पानी का तेज रिसाव शुरू होता है। जिससे शाम तक सड़क पर पानी फैलता रहता है। इसके कारण राहगीरों और वाहन चालकों



को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस नई पाइप लाइन में बार-बार लीकेज की समस्या बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि हर घर नल योजना के तहत राज्य सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर नई पाइप लाइनें बिछाई हैं, इसके बावजूद लोगों को अब तक पेयजल की स्थायी सुविधा नहीं मिल पाई है। जिससे आमजन में आक्रोश भी है। लोगों का कहना है कि अव्यवस्था के चलते गर्मी में दोहरी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे में बुधवार को भी अंचल में मानसूनी बादल की लुका छिपी दिनभर जारी रही। एक नहीं कई बार पूरी तरह अंधेरा छा गया और रिमझिम बारिश तो हुई जिससे उमस भरी गर्मी से त्राहिमाम कर रहे लोगों ने गर्मी से थोड़ी राहत महसूस की और महज कुछ मिनट में ही फिर कड़ी धूप हो गई। जिससे क्षेत्र के किसान इससे संतुष्ट नहीं दिखे।उनका कहना है कि तेज मूसलाधार बारिश हो तभी फायदा होगा जिसका हमें बेसब्री से इंतजार है।

# महिला अधिकारिता विभाग का 18 वां स्थापना दिवस मनाया

### जिला परिषद सीईओ बोले: महिला शिक्षा को लेकर चलेगा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** महिला अधिकारिता विभाग ने झुंझुनूं के सूचना केंद्र सभागार में अपना 18 वां स्थापना दिवस एक विचार संगोष्ठी के साथ मनाया। इस अवसर पर जिले भर से आईं महिला कार्यकर्ता, साथिनों और सुपरवाइजर मौजूद रहीं। जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी डायरेक्टर विप्लव न्योला ने की। उन्होंने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग की स्थापना 18 जून, 2007 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए विशेष



योजनाएं और कार्यक्रम चलाकर उन्हें सशक्त बनाना और उनके अधिकारों व हितों की रक्षा सुनिश्चित करना था।

**जागरूकता और सम्मान का संगम**

विचार संगोष्ठी में उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री राजश्री योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना, और पालनहार योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### हर महिला शिक्षित हो जागरूक हो, आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने बताया कि आने वाले वर्ष में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले की कोई भी महिला शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कि हमारा संकल्प है कि हर महिला शिक्षित हो, जागरूक हो और आत्मनिर्भर बने के नारे के साथ महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। यह पहल जिले में महिला साक्षरता और सशक्तिकरण को नई दिशा देगी।

### योजनाओं की समीक्षा और भविष्य की रणनीति

विचार संगोष्ठी में विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने महिला अधिकारिता विभाग की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि यह विभाग वास्तव में महिलाओं के सशक्त भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। आने वाले समय में विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी पहुंच बढ़ाएगा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। महिला अधिकारिता विभाग का यह 18 वां स्थापना दिवस न केवल पिछले 18 वर्षों की उपलब्धियों का जश्न था, बल्कि यह भविष्य में महिलाओं के संपूर्ण सशक्तिकरण के लिए नए संकल्पों और प्रयासों का भी प्रतीक बना।

# कुलोद ग्रामीण मंडल में संकल्प से सिद्धी तक कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** भारतीय जनता पार्टी कुलोद ग्रामीण मंडल की ओर से केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष अभियान संकल्प से सिद्धी तक कार्यशाला आयोजन इंडाली रोड स्थित बालाजी फीड परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि व वक्ता विधायक राजेंद्र भाम्बू और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुपम जाखड़ ने की। मुख्य अतिथियों ने मोदी सरकार की 11 वर्षों की जन कल्याणकारी योजनाओं और सरकार की संकल्प से सिद्धी तक की नितियों से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया। मंच पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश खीचड़, देवकरण गावडिया, मुकेश कड़वासरा, अरविंद भालोठिया, बाबूलाल, रघुवीर नेहरा, विकास रेपस्वाल, गोपाल सिंह शेखावत, परमजीत कुलहरी, दलीप मीणा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनूप महला, गिगराज डामोलिया, संजू ढेवा, पवन शर्मा, शिवकुमार शर्मा, मनोज कुमावत, वीरेंद्र कुल्हारी, जगदीश प्रसाद कड़वासरा, सुरेंद्र तिलोटिया, महावीर प्रसाद शर्मा, संतूसिंह, निकेंद्र सिंह शेखावत, हीरालाल भालोठिया, सुशील पाथरी, मदन नेहरा, प्रताप





नेहरा, प्रताप सुरा, महेंद्र नेहरा, रामचंद्र नेहरा, रामवतार नेहरा, सरवन देग, रामावतार मीणा, सुगं रबारी, भोलाराम रबारी, गौरी शंकर शर्मा, प्रकाश गावड़िया, लीलाधर हरिसिंह, किशोर मीणा, करनीराम, शिवपाल, मोबीलाल, राजेश सुरा, विजेंद्र जाखड़ सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला- जयपुर ग्रामीण (राज.)**

क्रमांक- न.पा.चा./2025/2180 दिनांक- 18/06/2025

**लोक सूचना**

(1.) POLYAKA HOTELS AND RESORTS PRIVATE LIMITED हिस्सा 24/25 जाति- N/A Reg off E-27 LAL BAHADUR NAGAR, OPP. JAIN PARADISE MARRIAGE GARDEN J.L.N. MARG JAIPUR खातेदार जरिये डायरेक्टर नीलम जैन व (2) अम्बालाल पुत्र लालाराम हिस्सा- 1/25 जाति- गुर्जर सा. देह खातेदार ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र (हेक्टे. में) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| तहसील चाकसू, जिला जयपुर | ग्राम का नाम- नाम- तिगरिया हल्का - गिरधारीलालपुरा. भू.अभि. नि. क्षेत्र- छान्देलकलां | 662 | 0.0500 | कृषि आधारित प्राथमिक लघु उद्योग प्रयोजनार्थ |
| | | 663 | 0.0500 | |
| | | 664 | 0.0500 | |
| | | 666 | 0.2200 | |
| | | 667 | 0.1400 | |
| | | 668 | 0.0800 | |
| | | 669 | 0.1500 | |
| | | 670 | 0.0100 | |
| | | 671 | 0.1900 | |
| | | 672 | 0.1000 | |
| | | 673 | 0.0800 | |
| | | 674 | 0.1500 | |
| | | 675 | 0.2100 | |
| | | 676 | 0.1300 | |
| | | 677 | 0.4300 | |
| | | कुल किता 15 | 2.0400 हैक्टेयर | |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता क समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं औश्र तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18/6/2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगर पालिका चाकसू**

# 11 केवी लाइन से करंट लगा, युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** छत पर पाइप चढ़ाने के दौरान हादसा हो गया। लोहे का पाइप घर के ऊपर से गुजर रही 11चङ्क हाईटेंशन से टच हो गया। झटका लगते ही युवक नीचे गिर पड़ा। गंभीर झुलसे युवक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला झुंझुनूं के कोतवाली थाना इलाके की केके कॉलोनी का बुधवार सुबह 10.59 का है। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### परिजन रिपोर्ट देंगे तो कार्रवाई करेंगे

एसएचओ हरजिंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। उन्हें कंट्रोल रूम के जरिए जानकारी मिली कि करंट लगने से एक व्यक्ति को अस्पताल लाया गया है जिसकी मृत्यु हो चुकी है। जैसे ही परिजन रिपोर्ट



देंगे, पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। युवक गिरा तो मकान मालिक उसे बचाने दौड़ा। जानकारी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले युवक का नाम मोहम्मद हुसैन पुत्र उस्मान गनी निवासी वार्ड नंबर 52, जाति कायमखानी, आदर्श नगर गुंगिया बढ़ है। उसकी गुढ़ा रोड पर वेल्डिंग की दुकान है। बुधवार को वह केके कॉलोनी में परवेज के मकान के सेकेंड फ्लोर पर टिन शेड लगाने गया था। इस दौरान वह टेम्पो से लोहे के पाइप उतार रहा था। एक-एक कर पाइप छत पर चढ़ा रहा था। तभी एक पाइप अनजाने में ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज लाइन से टच हो गया। बिजली के तेज करंट ने मोहम्मद हुसैन को अपनी चपेट में ले लिया और वह बुरी तरह झुलस गया। झुलसने के बाद परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला- जयपुर ग्रामीण (राज.)**

क्रमांक- न.पा.चा./2025/2183 दिनांक- 18/06/2025

**लोक सूचना**

(1.) वाई. एन. इंडस्ट्रीज पता जी 1-3 Apparel park महल रोड जगतपुरा जयपुर खातेदार जरिये पार्टनर नितिन गर्ग व ( 2 ) वाई. एन इंडस्ट्रीज पता जी 1-3 Apparel park महल रोड जगतपुरा जयपुर खातेदार जरिये पार्टनर योगेश कुमार अग्रवाल ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र (हेक्टे. में) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| तहसील चाकसू, जिला जयपुर | ग्राम का नाम- जयसिंहपुरा हल्का - गिरधारीलालपुरा. भू.अभि. नि. क्षेत्र- छान्देलकलां | 234 | 0.1500 | कृषि आधारित प्राथमिक लघु उद्योग प्रयोजनार्थ |
| | | 238 | 0.2900 | |
| | | 239 | 0.1300 | |
| | | 240 | 0.0500 | |
| | | 241 | 0.0200 | |
| | | 249 | 0.1100 | |
| | | 250 | 0.0700 | |
| | | 254/1622 | 0.0300 | |
| | | 248 | 0.3850 | |
| | | कुल किता 9 | 1.2350 | |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता क समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं औश्र तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18/6/2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगर पालिका चाकसू**

# सूबेदार पिता को बेटी ने दुलारकर दी अंतिम विदाई

### पति की पार्थिव देह को देखकर बेसुध हुई पत्नी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में छुट्टी पर गांव आए आर्मी के सूबेदार भंवरलाल महला (43) का मंगलवार रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। ग्रामीणों ने बुधवार को 5 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाल कर उन्हें अंतिम विदाई दी। बास का नानक गांव में भंवरलाल की पत्नी ने जब उनके अंतिम दर्शन किए तो वह बेसुध हो गईं। बेटी ने बिलखते हुए पिता के गाल पर हाथ लगाकर दुलारा। सेना के जवानों ने उनके बेटे को तिरंगा सौंपा। सैन्य सम्मान के साथ भंवरलाल का अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। भंवरलाल भारतीय सेना में 2 जाट रेजिमेंट में थे। उन्होंने 28 फरवरी 1998 को सेना जॉइन की थी। 2 साल से उनकी पोस्टिंग लेह (लद्दाख) में 5 ਝਝ यूनिट में थी। सूबेदार भंवरलाल महला के पिता, ताऊ और चाचा सेना में रह चुके हैं। उनके 8 चचेरे भाई भी सेना में हैं। मंगलवार रात उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें बीडीके अस्पताल लेकर गए, जहां



डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से गांव तक पार्थिव देह के साथ 5 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें युवाओं के साथ बुजुर्ग भी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और वंदेमातरम, भारत माता की जय के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा उनके घर पहुंची। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। झुंझुनूं के बीडीके हॉस्पिटल से उनकी पार्थिव देह सेना के ट्रक में तिरंगा यात्रा के रूप में गांव बास का नानक लाई गई। पिता-चाचा और ताऊ भी सेना में रहे सूबेदार महला के एक बेटा और एक बेटी है। बेटी बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। बेटा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटा हुआ है। घर में माता-पिता, भाई और उनके बच्चे रहते हैं। भंवरलाल महला का परिवार पूरी तरह सेना से जुड़ा हुआ है। उनके पिता महादाराम महला सेना में हवलदार के पद से रिटायर्ड हुए हैं।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.chure.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/2230 दिनांक-18/01/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्रप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री भगवानाराम पुत्र श्री पोकर राम मेघवाल | वार्ड नं. 6 राजलदेसर | 215.61 वर्ग मीटर | 1136 | कृषि भूमि |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

**नाम संशोधन**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम काना राम जाट है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम काना राम बिजारणिया है। अब मैं मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम काना राम बिजारणिया करवाना चाहता हूं।

**काना राम बिजारणिया पुत्र चुना राम बिजारणिया, गांधी बस्ती, अंबेडकर भवन के पास, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
19 जून, 2025

## फसलों के बीजोपचार की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के पंचायत समिति सभागार में कृषि विभाग की ओर से आत्मायोजना अंतर्गत कैफेटेरिया बी -11 खरीफ सीजन पूर्व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सहायक कृषि अधिकारी सविता बुडानिया ने किसानों को खरीफ फसलों के बीजोपचार के बारे में जानकारी दी और किसानों को जैविक खाद डालने को प्रेरित किया। इसी प्रकार उद्यान विभाग से कृषि पर्यवेक्षक भजनलाल ने किसानों को हरियालो राजस्थान के तहत ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण के लिए प्रेरित किया साथ में अन्य विभाग की योजना जैसे पाइप लाइन, फव्वारा, सोलर पैनल, प्लास्टिक मल्च, प्याज भंडारण, सब्जी उत्पादन आदि योजनाओं के बारे मे किसानों को विस्तार से समझाया। फसल बीमा प्रतिनिधि कुशाल सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे मे जानकारी दी। गोष्ठी कार्यक्रम में अंकित, मनीषा, उजाला, विजेता, सुभाष, प्रगतिशील कृषक इंद्राज, वीरेन्द्र सिंह, मोहनलाल, राजेन्द्र, दुलीचंद, दारासिंह, गोविन्द शर्मा सहित विभाग के कार्मिक व किसान उपस्थित रहे।

## राजलदेसर में बिसायती समाज सीजन 1 का आगाज



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** बिसायती समाज सीजन 1 का आगाज युवा भारती स्टेडियम राजलदेसर में हुआ। जिसके उद्घाटन विधायक पुसाराम गोदारा ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के मण्डल अध्यक्ष मो जब्बार खोखर, पार्षद नबीबक्स निर्वाण, कांग्रेस नेता इदरिश खत्री मंचस्थ रहे। विधायक पुसाराम गोदारा ने कहा कि सभी खेल को खेल भावना व साम्प्रदायिक प्रेम के साथ खेले। खेल में हार से दुखी न होकर अपनी कमी को ढूंढे। हार से ही जीतने का रास्ता मिलता है। विधायक ने ग्राऊण्ड में क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच बीकानेर सरदारशहर टीम के मध्य खेला गया। समारोह में खेल प्रेमियो, आयोजन समिति के सदस्यों, प्रतिभागियो सहित काफी लोग मौजूद रहे। हाजी मंसूर, सिकन्दर कुरैशी, फैज मोहम्मद, रहीश बिसायती, मुजफ्फर,जाकिर, इशाक। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग ले रही है।

## योग शिविर में करो योग रहो निरोग का दिया संदेश




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन की ओर से सामाजिक समरसता के अन्तर्गत महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू दाधीच के निर्देशन में महिलाओं के लिए योग कक्षाएं शुरू की गई। जिसका विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ संरक्षक सरोज पारीक ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय योग प्रशिक्षण प्राप्त योग गुरु सरोज पारीक ने ताल मैदान स्थित नेहरू पार्क में आयोजित योग शिविर में मौजूद महिला अंकिता, नीतू कंवर, गुड्डी, भाग्यश्री, निर्मला, प्रेमलता, उमा, स्नेहा, माया, ललिता, प्रियांशी, विनीता, तन्नु सहित अन्य उपस्थित महिलाओं को ग्रीवा चालान, अनुलोम विलोम, भ्रामरी ध्यान आदि विभिन्न प्रकार के योग करवाए व महिलाओं को कोने कौन से योग करने की जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के युवा प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने महिला प्रकोष्ठ के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को देखते हुए योग शिविर लगाने को लेकर को लेकर प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं का भी समाज में विशेष महत्व व सहयोग रहता है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने महिला प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित इस योग शिविर को आज की आवश्यकता बताते हुए इक्कीस जुन को ज्यादा से ज्यादा होने वाले योग शिविर में उपस्थित होकर राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने पर बल दिया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## लापता युवती का कोई सुराग नहीं

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ में 21 वर्षीय युवती बिना बताए घर से निकल गई। परिजनों से सब जगह उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस संबंध में लापता युवती के 22 वर्षीय भाई ने बुधवार को पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय युवक की ओर से दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसकी 21 वर्षीय बहन मंगलवार को बिना बताए घर से निकल गई। उसकी सब जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। रिपोर्ट में भाई ने शहर के ही अर्जुन नामक युवक पर शंका जताई है कि वो उसकी बहन को भगाकर ले जा सकता है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल हंसराज मीणा कर रहे हैं।

# सीएचसी, पीएचसी के डॉट्स प्रोवाइडर्स के प्रशिक्षण शिविर




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला क्षय निवारण केंद्र में बुधवार को सीएचसी, पीएचसी के डॉट्स प्रोवाइडर्स के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि जिले की रतनगढ़, सुजानगढ़ व सरदारशहर तहसील के समस्त डॉट्स प्रोवाइडर्स को टीबी रोग के उपचार व न्यू सीवाई टीबी के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें प्रथम बैच को बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही टीबी मरीजों की बलगम की जांच माइक्रोस्कॉपी के बजाय सीबीनॉट व टूनॉट मशीनों से करने के लिए कहा गया है। प्रशिक्षण में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ वेदप्रकाश ने कहा कि वर्तमान में इंटेंसीफाइड टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से जुड़ी सभी प्रमुख गतिविधियों, टीबी रोग की पहचान, समय पर उपचार, समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के उपायों और एनटीईपी कार्यक्रम की रूपरेखा समझाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही अभियान में भामाशाह व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित कर निक्षय मित्र बनाए जाएंगे। डॉट्स प्रोवाइडर्स को अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक टीबी मरीज को निक्षय पोर्टल पर शीघ्र इनरोलमेंट किया जाए और समस्त टीबी मरीजों की एचआईवी व शुगर की जांच आवश्यक रूप से करवाई जाए। इसके अलावा निक्षय पोषण योजना के तहत समस्त टीबी मरीजों के बैंक खाते की एंट्री आवश्यक रूप से करवाई जाए, ताकि डीबीटी के अंतर्गत राशि का लाभ दिया जाए। कार्यक्रम में एमडीआर रोगियों की उपचार पद्धति व समयावधि के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में डब्ल्यएचओ कंसलटेंट जयपुर के डॉ सुदांशु खत्री ने सभी से समय पर रोगी का परामर्श करते हुए निश्चित समयावधि में फॉलोअप जांच की जानकारी दी। डॉ मुकेश जांगिड़ ने सीवाईटीबी व बीपाल रेजिमन के बारे में बताया। इस दौरान काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगरपरिषद पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वार्ड न. 23 के लोगों ने कांग्रेस नेता हितेष जाखड़ के नेतृत्व में नगरपरिषद कार्यालय पर प्रदर्शन करके कचरा संग्रह के लिए ऑटो टीपर नहीं आने पर रोष जताया है। लोगों ने प्रदर्शन करके सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल को ज्ञापन सौंपा और जन समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी कचरा संग्रह वाली गाड़ी नहीं आ रही है, जिसके कारण लाडनू चुंगी नाका और कैलाश पुरी के पीछे के मोहल्ले में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है ऑटो टीपर वालों को समय पर भुगतान किया जाए, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बाधित न हो। ज्ञापन पर नवरतन सोनी, ललित सोनी, राजकुमार, रमेश, जितेंद्र सोनी, कपिल, नारायण, कमल, नथमल शर्मा, श्रीचंद, दिनेश सोनी, जगदीश, मंजू सोनी, सुशील कुमार आदि के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान लोगों ने बताया कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो मजबूरन लोगों को नगरपरिषद कार्यालय में लाकर कचरा डालना पड़ेगा।

## राजस्व एक्ट में अंकित रास्ता बहाल करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव घोटड़ा के लोगों ने उपखंड अधिकारी को सुरेंद्र जांगिड़ के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर राजस्व एक्ट में अंकित रास्ते को खुलवाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते वक्त सुरेंद्र जांगिड़ ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को बताया कि घोटड़ा की रोही में खसरा नम्बर 109 से शुरू होकर 144 व इसके आगे जाने वाले खेतों में रोटेड मार्ग सदा से चला आ रहा है। लेकिन एक व्यक्ति के रास्ता बंद कर देने के कारण काफी सारे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उपखंड अधिकारी ने पूछा कि आप लोगों के खेतों में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है क्या? जिस पर लोगों ने कहा कि रास्ता तो है, लेकिन वो खेत की सींव-सींव है, जिसके कारण हमें काफी घूमकर जाना पड़ता है और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि किसी के खेत से बीचों बीच का रास्ता जाने के लिए इस्तेमाल करना जरूरी नहीं है, उसकी काश्त खराब होती है, आपको रास्ता मिला हुआ है, उसका उपयोग करें। जिस पर लोगों ने कहा कि सदामत के रास्ते को बहाल किया जाए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि समस्या बीच से होकर जाने में है, किसी व्यक्ति के खेत की फसल को कैसे बर्बाद किया जा सकता है। लोगों ने बताया कि हमें काश्त कार्य में बाधा का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि जो भी कानूनी समाधान है, वो किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुरेंद्र जांगिड़, मनेशाराम, सुगनाराम, बनवारीलाल जांगिड़, लिखमाराम जांगिड़, मूली देवी, भंवरी देवी, रूपाराम जांगिड़, भंवरीदेवी, रूपाराम, कुनणमल, रमेश नेहरा, पूर्णाराम, ताराचंद, बाबूलाल नेहरा, आशीष, मोहनलाल, कुनणमल नेहरा आदि लोग मौजूद रहे।

## ठरड़ा पंचायतराज की सीमाओं से मुक्त, अब नगरपरिषद में शामिल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ग्रामीण व पंचायती राज विभाग ने अधिसूचना जारी कर निकटवर्ती गांव ठरड़ा को गांवो की पंचायत राज सीमाओं से पृथक कर दिया है। इस अधिसूचना के जारी होने के बाद ठरड़ा क्षेत्र अब ग्राम पंचायत बोबासर बीदावतान का हिस्सा नहीं रहा है। राजस्व गांव ठरड़ा को हाल ही में नगरपरिषद क्षेत्र में शामिल किया गया है। वहीं अधिसूचना में कहा गया है कि अगर इस क्षेत्र में कोई ग्रामीण निर्वाचित जनप्रतिनिधि है, तो उसे हटाया हुआ माना जाएगा।

## दो वाहनों की भिड़ंत में एक घायल



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** मेगा हाईवे पर मंगलवार की रात दो वाहनों की आमने -सामने भिड़ंत हो गई। घटना में एक वाहन में सवार 40 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। एएसआई रामनिवास ने बताया कि सरदारशहर निवासी रफीक कायमखानी ओमिनी वैन लेकर सुजानगढ़ से रतनगढ़ की तरफ आ रहा था। वहीं चाड़वास निवासी 22 वर्षीय साहिल डिजायर कार लेकर रतनगढ़ से सुजानगढ़ की तरफ जा रहा था कि मेगा हाईवे पर वीर हनुमान मंदिर के सामने एक गाय को बचाते समय दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में रफीक घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं कार चालक साहिल सहित अन्य सवार लोगों के कोई चोट नहीं आई। घटना में दोनों वाहन आगे से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना को लेकर बुधवार शाम तक पुलिस में किसी भी प्रकार का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बांटे पीले चावल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग की ओर से 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयुर्वेद उपनिदेशक सत्यवीर सिंह ने बताया कि योग दिवस को लेकर बुधवार को शहर के अनेक स्थानों पर विभाग के कर्मचारियों ने पीले चावल व निमंत्रण-पत्र देकर आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि योग दिवस को लेकर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर विभाग की ओर से पिछले एक महीने से योगाभ्यास शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर के नेचर पार्क, अग्रसेन पार्क, आपणी पाठशाला व योग व प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र चूरू में योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उपनिदेशक ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिले के स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संस्थाओं, कार्यालयों और विभिन्न संगठनों से सम्पर्क किया जा रहा है।

## हनुमानगढ़ से अगवा नाबालिग 24 घंटे में मिली

हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन से अगवा की गई 16 वर्षीय नाबालिग को जीआरपी पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर लिया। पुलिस ने पंजाब के एक दंपती को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की गई है। फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति ने अपनी 16 वर्ष 5 माह की बेटी के अपहरण की रिपोर्ट जीआरपी थाना हनुमानगढ़ में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, दोपहर 12-30 बजे रेलवे स्टेशन से आरोपी सुखा सिंह और सोमा कौर बालिका को बहला-फुसलाकर ले गए। जीआरपी थाना प्रभारी मोहन लाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। मुखबिर की सूचना पर 18 जून को श्रीकरणपुर के जोरावरपुरा स्थित रामदेव ईंट भट्ठे से बालिका को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी सुखा सिंह (45) और सोमा कौर (40) पंजाब के फिरोजपुर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामले में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की है। पीड़िता के बयान के बाद धारा 87 बीएनएस जोड़ी गई है। दोनों आरोपियों को 19 जून को न्यायालय में पेश किया जाएगा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जीआरपी जोधपुर अभिजीत सिंह के निर्देशन में चल रहे "अभियान उमंग-5" के तहत की गई। यह अभियान नाबालिग बच्चों की तलाश के लिए चलाया जा रहा है। पुलिस टीम में जीआरपी थानाधिकारी मोहन लाल, हेड कॉन्स्टेबल दिलीप कुमार, कॉन्स्टेबल बंशी लाल, बलेन्द्र, गुरमीत सिंह और महिला कॉन्स्टेबल विनिता मीणा शामिल रहे ।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो दर्जन मवेशियों की मौत



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पड़िहारा कस्बे के निकटवर्ती गांव हरासर में मंगलवार की रात हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से करीब दो दर्जन मवेशियों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर बुधवार सुबह सरपंच राजेंद्र खिलेरी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सरपंच खिलेरी ने बताया कि गांव हरासर निवासी गुलाराम पुत्र रामूराम शर्मा के खेत में 23 भेड़े बंधी हुई थी। मंगलवार की रात हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 21 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर किसान गुलाराम ने पुलिस में भी लिखित रिपोर्ट दी है। वहीं पशु चिकित्सक भंवरसिंह मौके पर पहुंचे और मवेशियों का पोस्टमार्टम किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच डूंगरमल खिलेरी, चुन्नीलाल खिलेरी, पटवारी महिपाल, रतनसिंह राठौड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## गंदे पानी की निकासी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या छह में स्थित राजकीय भुवालका बालिका स्कूल की गली में एकत्रित होने वाले गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर पार्षद निखिल इंदौरिया के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने बुधवार को एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन दिया है। पार्षद की ओर से दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उक्त गली में गंदे पानी की निकासी के लिए अंडरग्राउंड नाले डाले गए हैं, जिनकी सफाई नहीं होने के कारण उक्त गली में गंदा पानी एकत्रित हो रहा है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। आगामी मानसून के समय में यह समस्या और विकराल रूप धारण करेगी और स्कूलें खुलने के बाद सैकड़ों छात्राओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस समस्या के संदर्भ में ईओ नगरपालिका को मौका तक दिखाया जा चुका है, लेकिन आज तक उक्त गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाई है, जिसके चलते मोहल्लेवासियों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। अत अंडरग्राउंड नालों की सफाई कर उन्हें दुरूस्त करवाया जाए, ताकि गंदे पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। ज्ञापन पर पार्षद सहित मोहल्ले के दिलीपकुमार शर्मा, तेजकरण भोजक, सूर्यकांत शर्मा, इंद्रचंद स्वामी, कन्हैयालाल सिंवाल, राजकुमार स्वामी, देवकी स्वामी, कौशल शर्मा, विक्की स्वामी सहित कई लोगों के हस्ताक्षर है।

# सामुहिक सुन्दरकाण्ड सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमों का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मण्डावा कस्बे के वार्ड 22 में नवरंगराय विजयकुमार देवड़ा परिवार की ओर से मंगलवार शाम को सामुहिक रामचरितमानस सुंदरकांड संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान वस्त्र व्यवसायी विजयकुमार - उषा देवड़ा आदि थे। गायक कलाकार नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संगीतमय पाठ के बाद आरती व प्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। सोनी ने कहा कि सुंदरकांड पाठ से भक्तों के हर प्रकार के विघ्न दूर हो जाता है। भगवान महावीर सभी भक्तों की रक्षा और कृपा करते हैं। कलियुग के जीवंत भगवान हनुमान ही है। इस धार्मिक कार्यक्रम में पवन देवड़ा, पंकज शर्मा, विकास देवड़ा, लहरी प्रसाद, बीएल गाड़ोदिया, प्रमोद खण्डेलिया, नरेश परसरामपुरिया, निर्मल मोदी, नंदलाल , पुष्पा सोनी, उषा देवड़ा, रिन्कू, रैणू मोदी सहित अनेक सैकड़ों महिला श्रद्धालु मौजूद रहे। अन्त में हेमन्त देवड़ा ने मेहमानों व श्रद्धालुओं का आभार जताया।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर लक्ष्मणगढ़ पहुंचे, डोटासरा पर हुए हमलावर

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजस्थान सरकार में शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर बुधवार को लक्ष्मणगढ़ के दौरे रहे। जहां उन्होंने उपखंड के बऊ गांव में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की। साथ ही अधिकारियों ने शिक्षा मंत्री का स्वागत भी किया। वहीं बऊ गांव पहुंचने पर मंत्री दिलावर ने नाथजी के आश्रम में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद कार्यक्रम के पास स्थित बावड़ी में सफाई कर व गौशाला में पेड़ लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के दौरान गांव में जो गंदगी दिखाई उसे देखकर मंत्री नाराज हो गए वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई, ग्रामीणों ने कहा कि गांव के अंदर नियमित तरीके से सफाई नहीं हो रही है जिस पर मंत्री ने विकास अधिकारी को बुलाकर लताड़ लगाई और गांवों में भी नगरपालिका के जैसे सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए। वही विकास अधिकारी ने एक माह के भीतर सफाई व्यवस्था सुधारने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि हमे पानी के महत्व को समझना होगा। लोग अक्सर कहते है कि पानी सरकार का है, हम थोड़ी बहा रहे है किन्तु जब पानी की सप्लाई बंद होती है तो जलदाय विभाग में मटके फोड़ते है पानी कोई भी सरकार या जनप्रतिनिधि नही देते,पानी के लिए हमे खुद की जिम्मेदारी समझनी होगी। मंत्री दिलावर ने कहा कि हमारे प्राचीन साहित्य में जल, अग्नि और वायु को भगवान का दर्जा दिया गया है। भारत में विश्व का मात्र 4 प्रतिशत शुद्ध जल है, जबकि जनसंख्या 16 प्रतिशत है। राजस्थान में देश का 10.4 प्रतिशत क्षेत्र होने के बावजूद पानी केवल 1 प्रतिशत है। उन्होंने चिंता जताई कि 150 प्रतिशत की दर से भूजल दोहन हो रहा है। पानी का दुरुपयोग मानवता के लिए खतरा है। हमें इसे संरक्षित करना होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पेड़ प्रदूषण रोकने में अहम हैं। राजस्थान में अमृता देवी के नेतृत्व में 363 लोगों ने पेड़ों के लिए बलिदान दिया था। उन्होंने पॉलीथीन के उपयोग को पूरी तरह बंद करने की अपील की, क्योंकि इससे हर साल 7.5 लाख लोग प्रभावित होते हैं। पंचायती राज विभाग ग्राम पंचायतों को साफ- सफाई के लिए हर माह 1 लाख रुपए दे रहा है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को निलंबन की चेतावनी भी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए और इस साल 10 करोड़ का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल औपचारिकता नहीं, यह भावी पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण देने का प्रयास है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने बावड़ियों, तालाबों और एनिकटों के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने और उनकी मरम्मत के लिए बजट की कमी न होने की बात कही। अधीक्षण अभियंता (वाटरशेड) रमेश कुमार मीणा व अधिशाषी अभियंता (सिंचाई) नथमल खेदड़ ने अभियान की अब तक की प्रगति से अवगत करवाया।वंदे गंगा जल अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों में 20 जून तक जल स्रोतों नदियों, जलधाराओं व तालाबों पर जल पूजन, कलश यात्रा, जागरूकता कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान, जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण और नई संरचनाओं के शिलान्यास जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें हर गांव और हर व्यक्ति को अभियान से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री दिलावर में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा पर हमलावर होते हुए कहा कि मैंने ऐसा भ्रष्टाचारी नहीं देखा जो रीट का पेपर बेच दे,अपने घर वालों की भर्ती करवा दे। भाजपा सरकार में भी परीक्षा हुई है किंतु पेपर आउट नही हुए। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर मुकुल शर्मा, उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ कमल सिखवाल, पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी ग्राम पंचायत सरपंच सुचित्रा गढ़वाल सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र गढ़वाल सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## 3 हजार किलोमीटर पीछा कर 6 साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पुलिस थाने में 2019 में दर्ज मारपीट मामले में 6 साल से फरार चल रहे वार्ड 18 निवासी स्थाई वारंटी आरोपी 28 वर्षीय पवन कुमार पुत्र कालूराम भाट को चूरू स्पेशल पुलिस के हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने 3 हजार किलोमीटर पीछाकर सुजानगढ़ से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मारपीट मामले में आरोपी पवन कुमार पिछले 6 सालों से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए चूरू स्पेशल पुलिस के हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने उड़ीसा, गुजरात के अहमदाबाद सहित लगभग 3 हजार किलोमीटर का सफर तयकर पीछा किया और आखिरकार आरोपी सुजानगढ़ के बस स्टैंड पर खड़ा था। जहां पर फरार होने की फिराक में था। जहां से स्थाई वारंटी आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी मदन लाल बिश्नोई ने बताया कि अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा की टीम की विशेष भूमिका रही है।



## विधायक ने किया गौवंश के लिए एम्बूलेंस का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ -लाडनूं बाय पास हाईवे स्थित बजरंगी गौ चिकित्सालय में स्वामी कानपुरी महाराज के सानिध्य में नई एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ हुआ। विधायक मनोज मेघवाल, स्वामी कानपुरी महाराज, उपसभापति अमित मारोठिया, प्रसिद्ध हास्य कॉमेडियन शायर ने नई एंबुलेंस की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि बजरंगी गौ चिकित्सालय में गत वर्षो से लगातार अच्छी गौ सेवा हो रही है और अब एक नई एंबुलेंस आने से शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी घायल, बीमार, दुर्घटनाग्रस्त गौवंश का समय पर इलाज हो सकेगा। बबलू बजरंगी ने आगंतुक संतों, जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों व गौ सेवकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सब के साथ सहयोग से अब आसपास के 50 किलोमीटर तक के इलाके में नई एंबुलेंस की सेवा से गौवंश का चिकित्सा उपचार हो सकेगा। इस अवसर पर पंडित मोहित शास्त्री, अजीत स्वामी, जितेंद्र सिंह गनोड़ा, विकास ढेनवाल, किशन सेन, रविंद्र खीचड़, राजेश सोनी, संदीप जांगिड़, भरत सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर दास स्वामी ने किया।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया योग प्रोटोकॉल के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला कलक्टर कक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिलेभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की समन्वित भागीदारी हो और प्रत्येक विभाग अपनी विभागीय गतिविधियों का समयबद्ध संपादन सुनिश्चित करें। कार्यक्रमों में आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने योग प्रॉटोकॉल पोस्टर का विमोचन कर सभी को योग दिवस के दिन योगाभ्यास करने की बात कही। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका, वाटरशेड एसई मजहर हुसैन, आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ सत्यवीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा को लेकर निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंत?र्गत शिविरों का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सवेरे 9.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी को समन्वयक अधिकारी और उपखंड क्षेत्र पर उपखंड अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी के साथ समस्त उपखंड अधिकारियों व जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस और गो तस्करों के बीच मुठभेड़, 1 की मौत

**भरतपुर(निसं.)।** डीग जिले में पुलिस और गो तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक तस्कर की मौत हो गई, जबकि एक तस्कर घायल हो गया। घायल को आरबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। फायरिंग के दौरान तीन पुलिसकर्मियों के भी बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी है। तीनों के चोटें आई हैं। घटना पहाड़ी थाना इलाके की बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। थाना इंचार्ज योगेंद्र सिंह ने बताया- हासम उर्फ काढ़ा अपने बेटे आशिक और अन्य दो साथियों के साथ बाइक पर गायों से भरी टाटा-407 को एस्कॉर्ट कर रहा था।

## डाइट में पंचांग आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान, डाइट में बुधवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य गोविंद सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में डाइट के वार्षिक पंचाग की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। राठौड़ ने बताया कि डाइट की ओर से आगामी शैक्षिक सत्र के लिये डिजिटल मोड़ में पंचांग तैयार किया गया है। पीएण्डएम प्रभाग अध्यक्ष ओम प्रकाश कस्वां ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। उप प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने डिजिटल बोर्ड का उपयोग करते हुए डिजिटल पंचांग को डाइट की साइट से ओपन कर सभी के समक्ष प्रदर्शित किया। आई.एफ.आई.सी. प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत ने प्रभाग के शोध कार्य को डिजिटल मोड़ में प्रदर्शित किया। संदर्भ व्यक्ति सचिन ढांडा ने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से डाइट के नवाचार प्रदर्शित किए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओम प्रजापत ने आगामी सत्र में प्रशिक्षण कार्य को अत्यधिक सटीक व सार्थक बनाने की जानकारी दी। इस अवसर पर डीआरयू प्रभागाध्यक्ष प्रसन्ना मीणा, आठवीं बोर्ड परीक्षा प्रभारी भीष्म सारण, पांचवीं बोर्ड परीक्षा प्रभारी ओमप्रकाश बारूपाल, सुजानगढ़ सीबीईओ सुनीता, रतनगढ़ सीबीईओ संदीप व्यास, राजगढ़ सीबीईओ सुमन जाखड़, सरदारशहर सीबीईओ अशोक पारीक, चूरू सीबीईओ भंवरलाल डूडी, तारानगर एसीबीईओ बाबूलाल बुनकर आदि ने आगामी शैक्षिक वर्ष में पंचाग के अनुसार प्रशिक्षण के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए।

## जल और प्रकृति संरक्षण को अपनी आदत बनाएंः एडीएम पूनिया

### वंदे गंगा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गोपाल गौशाला परिसर में पशुपालन विभाग की ओर से बुधवार सुबह आयोजित वंदे गंगा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में बोलते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर मंगलाराम पूनियां ने कहा कि जल और प्रकृति संरक्षण को हमें अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा या आदत बनानी होगी तभी इसकी सार्थकता हैं। एडीएम ने कहा कि केवल बोलने और कहने से पर्यावरण का संरक्षण सम्भव नहीं हैं। इसके लिए हमें स्वयं नि:स्वार्थ भाव से स्वयं ही आगे बढ़ कर कार्य करना होगा और तभी हम सही ढंग से अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जल को खर्च करने में मितव्ययिता बरतने की सलाह दी। पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.सतीश शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी छापर डॉ. प्रदीप सोनी ने आदि ने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर गोपाल गौशाला के अध्यक्ष माणकचन्द सर्राफ, श्री कृष्ण गो सेवा समिति के अध्यक्ष मूलचंद तिवाड़ी, निराश्रित गो सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित शशिकांत शर्मा ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में गोपाल गौशाला के उपाध्यक्ष प्रदीप तोदी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी मालासी डॉ. राजबाला, डॉ भंवर सिंह मलसीसर, गोपाल गोशाला से निर्मल प्रजापत, सौरभ बगड़िया आदि ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी आगन्तुको ने गौशाला परिसर में अपने हाथों से एक-एक पौधा लगाया।

## स्कूलों में बढ़ाएं नामांकन, केजीबिवि में शत प्रतिशत सीटों पर हो नामांकनः सुराणा

### जिला कलक्टर ने जिला निष्पादन समिति व मिड डे मील की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति व मिड डे मील की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। इस अवसर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में नामांकन बढ़ाएं तथा केजीबिवि में शत प्रतिशत सीटों पर नामांकन हो। उन्होंने सभी सीबीईओ से कहा कि इस वर्ष के परीक्षा परिणाम का एनालिसिस करें। पीएमश्री स्कूलों में परीक्षा परिणाम व अन्य स्कूलों के परीक्षा परिणाम का तुलनात्मक अध्ययन करें। इसी के साथ गत वर्ष के परिणाम व इस वर्ष के परिणामों में भी अंतर का अध्ययन कर निष्कर्ष निकालें। जिले की जिन स्कूलों में 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम रहा है उनमें कारणों का पता लगाते हुए रेमेडियल एक्टिविटी की जाएं। प्रयास करें कि आगामी सत्र के परिणामों में उनमें अभूतपूर्व बदलाव दिखें। आरआरआर सेंटर को सुचारू रखते हुए कक्षा– कक्षों में डस्टबिन रखवाने व अनुपयोगी सामान के बेहतर उपयोग आदि गतिविधियां नियमित की जाएं। उन्होंने कहा कि जिले के 101 स्कूलों में सीएसआर के माध्यम से इंटरेक्टिव बोर्ड लगाए जाने प्रस्तावित हैं। सभी सीबीईओ प्रधानाचार्यों के साथ समन्वय से सुनिश्चित करें कि इन बोर्ड का बेहतरीन उपयोग हो और विद्यार्थियों के मानसिक व बौद्धिक स्तर में वृद्धि हो। इसी के साथ भामाशाहों आदि के सहयोग से विद्यालयों में ई–लाइब्रेरी आदि विकसित किए जाएं। मिड डे मील की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में मिड डे मील की नियमित जांच की जाए और मिड डे मील में गुणवत्ता को मेंटेंन किया जाए। इस दौरान सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ माध्यमिक संतोष महर्षि, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी।

## सांप के डसने से मां और बेटी की मौत

जयपुर टाइम्स



**प्रतापगढ़(निसं.)।** प्रतापगढ़ जिले के सुहागपुरा थाना क्षेत्र के सांगरी खेड़ा गांव में सांप के डसने से मां-बेटी की मौत हो गई। सांप के बच्ची के डसने पर मां ने हाथ से उठाकर बाहर फेंका तो उसको भी डस लिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मां ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सांप घर में घुसा उस समय क्षेत्र में बिजली नहीं आ रही थी। परिवार के चौथमल मीणा ने बताया-रूपा (32) अपनी बेटी लक्ष्मी (4 माह) के साथ घर के अंदर फर्श पर सो रही थी। बेटा थोड़ी दूरी पर सो रहा था। रात करीब 3 बजे बिजली चली गई। इसी दौरान सांप अंदर घुसा और बच्ची के सिर पर काट लिया। इस दौरान हलचल होने से रूपा जाग गई और सांप को बच्ची के पास देखा। रूपा ने सांप को हाथ से पकड़कर दूसरी तरफ फेंका। इस दौरान सांप ने रूपा के हाथ पर काट लिया। बच्ची लक्ष्मी की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, रूपा को परिजन प्रतापगढ़ जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान सुबह करीब 5 बजे उसकी भी मौत हो गई। सुहागपुरा थानाधिकारी छबिलाल ने बताया-मामले की सूचना मिलते ही पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। शव को मॉर्च्युरी में रखवाया और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की गई। रूपा और लक्ष्मी के अलावा घर में सास-ससुर, पति और बेटा है। परिवार के लोग कृषि व्यवसाय से जुड़े हुए है। घटना के समय सभी लोग घर में ही सो रहे थे।

### आक्रोशित किसानों ने दिया धरना

## अजीबोगरीब एनजीओ, बिना ऋण लिए ही 6 महिलाओं को थमाया चुकाने का नोटिस

### एनजीओ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के पुलिस थाने के आगे अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले बुधवार को एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर किसानों ने महिलाओं के साथ धरना शुरू किया। धरने पर बैठे किसानों ने जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। अखिल भारतीय किसान सभा के रामकृष्ण छींपा ने बताया कि गांव मालसर की 6 महिलाओं को लाखों रुपए का ऋण चुकाने का नोटिस दिया गया। महिलाओं की ओर से कोई भी ऋण नहीं लिया गया फिर भी उन पर झूठ ऋण लेने का आरोप लगाते हुए उनको नोटिस दिया गया है। उसको लेकर एसडीम डॉ दिव्या चौधरी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि अगर एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो पुलिस थाना सरदारशहर के आगे धरना दिया जाएगा। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस थाना सरदारशहर के आगे धरना शुरू किया गया है। हमारी मांग है कि एनजीओ की ओर से महिलाओं को लाखों रुपए ऋण चुकाने का नोटिस दिया गया है जो बिल्कुल भी झूठ है। महिलाओं द्वारा कोई ऋण नहीं लिया गया। फिर भी उनको लाखों रुपए ऋण चुकाने का नोटिस दिया गया। हमारी मांग है कि ऐसे झूठे एनजीओ के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करें अगर हमारी मांग पर संज्ञान नहीं लिया गया तो धरना जारी रखा जाएगा। धरने पर महिलाओं के साथ अनेक किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने धरने पर बैठे पदाधिकारी से वार्ता की। थानाधिकारी ने 7 दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिस पर धरने पर बैठे किसानों ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। किसानों ने बताया अगर 7 दिन में कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरने पर किसान सभा के तहसील मंत्री काशीराम सारण, कृष्णा देवी, सुलोचना देवी, माली देवी, शायर कंवर, श्योलाल भादू, इंद्राज भांभू, भैराराम जाखड़, साबराम सारण, उगम सिंह, मोहम्मद आरिफ, अनिल बोरड़, बजरंग लाल भादू, रामचंद्र, ओम सिंह, हरचंद नाथ, शीशपाल बिजारणियां सहित अनेक किसान करने पर बैठे थे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।